सुप्रभात
रांची, मंगलवार
25.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चर्तुथी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 341



12 नीता अंबानी ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगायी हाजिरी




## न्यूज डायरी

### झारखंड विस चुनाव पर दिल्ली में बनी रणनीति

**नयी दिल्ली।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को नयी दिल्ली में कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड कांग्रेस के नेताओं के साथ चुनावी रणनीति बनायी। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि कांग्रेसी नेताओं -कार्यकर्ताओं को जनता के बीच रहना है। उनकी पार्टी जनजातीय समाज समेत सभी वर्गों के अधिकारों को लेकर समर्पित है। बैठक में राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर समेत अन्य शामिल थे।

### सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली केजरीवाल को

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर दिल्ली उच्च न्यायालय की अंतरिम रोक को सोमवार को ' थोड़ा असमान्य' करार दिया और मामले को 26 जून के लिए स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि अगर इस बीच उच्च न्यायालय इस मामले में कोई आदेश पारित करता है तो उसे रिकॉर्ड पर लाया जा सकता है।

### नीट पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार दोषी : महुआ माजी

**रांची।** झामुमो सांसद महुआ माजी ने कहा कि नीट का मुद्दा देश का अहम मुद्दा है। मध्यम वर्ग के लोग महंगे प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों का खर्च नहीं उठा पाते, इसलिए वे सरकारी कॉलेजों की तैयारी करते हैं। फिर, सरकारी परीक्षाओं में इतने बड़े घोटाले होते हैं। केंद्र सरकार ने यूजीसी नेट परीक्षा भी रद्द कर दी है, इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं है। अनियमितताओं के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है।

### वायनाड सीट से राहुल गांधी का इस्तीफा मंजूर

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वायनाड लोकसभा सीट से प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने इस्तीफा मंजूर कर लिया है। राहुल गांधी अब रायबरेली से सांसद रहेंगे।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 रु./प्रति किलो |




---

नयी लोकसभा के पहले ही दिन इंडिया समूह ने संविधान की प्रति के साथ सदन में किया प्रदर्शन

# मोदी-खड़गे में जुबानी जंग, हंगामा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को नये सदस्यों के शपथग्रहण के साथ ही शुरू हो गया। पीएम मोदी जैसे ही शपथ लेने के लिए उठे कांग्रेस समेत सभी विपक्षी सदस्य संविधान की प्रतियां लेकर खड़े हो गये। वहीं सत्तपक्ष मोदी मोदी के नारे लगाने लगे। इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाये और संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा, हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यहां तक कि गृह मंत्री अमित शाह जब सांसद पद और इससे जुड़ी गोपनीयता का शपथ लेने जा रहे थे, तब राहुल गांधी ने संविधान की प्रति लहरायी। इससे पहले पीएम मोदी ने संसद में प्रवेश से पहले देश में आपातकाल लागू किये जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाने का ऐलान किया। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हत्थे से उखड़ गये। उन्होंने पीएम मोदी को कठोरता से जवाब दिया। दोनों नेताओं में तीखी जुवानी जंग चली। पीएम मोदी ने अपने लहजे से स्पष्ट कर दिया है कि भले ही इस बार एनडीए की सीटें कम हैं, लेकिन विपक्ष को हावी होने का मौका नहीं दिया जायेगा।

**सदन की की कार्यवाही स्थगित :** लोकसभा की कार्यवाही 25 जून को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

**पीएम ने बता दिया- नरम नहीं पड़ेंगे तेवर :** दरअसल, पीएम संसद सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करने के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार तीसरे कार्यकाल में तीन गुना ज्यादा काम करेगी। विपक्ष को भी नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि देश को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है। (शेष पेज 11 पर)



### 26 को स्पीकर का चुनाव

नयी सरकार के शपथ ग्रहण के साथ ही 18वीं लोकसभा का गठन हो गया है। 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव करवाया जायेगा। 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

# तीसरी बार तीन गुना बेहतर चलायेंगे सरकार : मोदी

लोग नाटक-नौटंकी नहीं, काम चाहते हैं, उम्मीद है विपक्ष भी गरिमा बनाये रखेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने नये सांसदों का अभिवादन करते हए सभी से जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया और कहा कि वह सबकी सहमति से सरकार चलायेंगे। उन्होंने कहा, देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि हमारे पास दो बार सरकार चलाने का अनुभव है और तीसरीबार हम पहले की अपेक्षा तीन गुना बेहतर सरकार चलायेंगे। वह संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। जनता ने जो भरोसा जताया है , हम सबको मिलकर उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतारना होगा।

पीएम मोदी ने कहा , विकसित भारत 1947 जैसे कई संकल्पना को लेकर आज 18वीं लोकसभा का आरंभ हो रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव बड़े शांत और गौरवपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। करीब 65 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया। जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिए हमारी सरकार को मौका दिया और इसका मतलब है कि उन्होंने हमारे काम पर भरोसा किया है और उस पर मुहर लगायी है। हमारा लक्ष्य है कि सबको साथ लेकर और सबकी सहमति से देश की जनता की सेवा करना है।

मुझे उम्मीद है कि विपक्ष लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखेगा। लोग नाटक, उपद्रव नहीं चाहते। लोग नारे नहीं, काम चाहते हैं। देश को एक अच्छा विपक्ष चाहिए, एक जिम्मेदार विपक्ष चाहिए।

(शेष पेज 11 पर )



---

नीट पेपर लीक मामले में सड़क से संसद तक हंगामा

# एक्शन में सीबीआइ, अबतक 25 गिरफ्तारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले की जांच में सीबीआई पूरी तरह से जुट गयी है। वहीं दूसरी ओर परीक्षा में कथित रूप से धांधली और पेपर लीग मामले को लेकर सड़क से लेकर संसद तक हंगामा जारी है। सीबीआइ ने नीट मामले में अबतक 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में झारखंड से 5, बिहार से 13, गोधरा से 5 और लातूर से दो आरोपी शामिल हैं। गुजरात पुलिस ने अबतक गोधरा के एक स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

**गोधरा पहुंची सीबीआइ टीम**

सीबीआइ की एक टीम सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची। गोधरा पुलिस ने 27 उम्मीदवारों से 10-10 लाख रुपये लेकर नीट-यूजी पास कराने में उनकी मदद करने की कथित कोशिश के लिए आठ मई को आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया था।

**संसद में नीट को लेकर हंगामा :** नीट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे की गूंज सोमवार को लोकसभा में भी सुनायी दी। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब सदस्यता की शपथ ले रहे थे, उस समय विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी की। विपक्षी दलों के कुछ सदस्य नीट-नीट और शेम-शेम के नारे लगाने लगेष विपक्षी दल नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने और शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

**दो दर्जन से हिरासत में :** परीक्षा रद्द करने के खिलाफ सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्रों को हिरासत में ले लिया गया। (शेष पेज 11 पर)

### एजेंसी ने सभी मामले टेकओवर किये

सीबीआई ने पेपर लीक मामले के पांच नये मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर, अन्य चार मामले अभ्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने तथा स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामले प्रतीत होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन नये मामलों की जांच संभालने के बाद सीबीआई अब कथित गड़बड़ी से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है।

---

अबुआ वीर अबुआ दिशोम से आदिवासियों को जंगलों में मिलेगी सुविधा : सीएम

# वनपट्टा आवेदन जानबूझकर रद्द करने वालों पर कार्रवाई

### मजबूत इच्छाशक्ति से दायित्वों का निर्वहन करें सभी अधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वन अधिकार अधिनियम को लेकर रांची में आयोजित कार्यशाला सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि अबुआ वीर और अबुआ दिशोम अभियान से झारखंड के आदिवासियों को जंगलों में सुविधा दी जायेगी। सीएम ने कहा कि झारखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय के लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें उनका हक अधिकार प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। कार्यशाला का उद्देश्य झारखंड के जंगलों और वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षित रखना है। सोमवार को एटीआइ सभागार में आयोजित वन पट्टा अधिनियम 2006 विषय पर दिवसीय कार्यशाला में सीएम मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा जो अधिकारी वनपट्टा के आवेदनों को जानबूझकर रद्द करने का प्रयास करेंगे उन पर राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। अभियान में यह स्पष्ट कर दिया है कि जो भी आदिवासी जंगलों में या आसपास रह रहे हैं, उन्हें जमीन का पट्टा दिया जाये ताकि वह खेती गृहस्थी के साथ-साथ अपना जीवन यापन कर सके।

सीएम ने कहा कि अबुआ वीर, अबुआ दिशोम अभियान के प्रत्येक बिंदुओं पर कार्यशाला में विस्तृत चर्चा हुई है। (शेष पेज 11 पर)



### शिक्षक नियुक्ति में तेजी लायें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगामी 15 अगस्त 2024 तक इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 11 हजार पदों पर नियुक्ति और स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 15 हजार पदों की बहाली आगामी 5 सितम्बर 2024 तक हर हाल में हो यह सुनिश्चित करें। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की बैठक में अफसरों को यह निर्देश दिया। उन्होंने जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी तेजी से पूरा करने को कहा। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि पाठ्य पुस्तक, पोशाक, छात्रवृत्ति राशि, साइकिल वितरण कार्यो को समय पर पूरा करें। छात्रवृति की राशि अनिवार्य रूप से खाते में डालें।

(विस्तार से पेज 2 पर)

---

18वीं लोकसभा में विपक्षी सांसदों की बढ़ी संख्या से बदला सदन का नजारा

# मोदी 3.0 के सामने अबकी मजबूत विपक्ष की कड़ी चुनौती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का आगाज सोमवार सुबह 11 बजे से हो गया। पहले दिन सत्र शुरू होते ही सबसे पहले पीएम मोदी ने सांसद के तौर पर शपथ ग्रहण की। उनके बाद नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ शुरू हुआ। 18वीं लोकसभा का सत्र जैसे ही शुरू हुआ तो पहली तस्वीर से ही सबकुछ बयां हो गया। पिछले लोकसभा सत्र के मुकाबले इस बार नजारा बदला-बदला दिखा। ऐसा इसलिए क्योंकि मोदी 3.0 सरकार के सामने इस बार एक मजबूत विपक्ष सदन में नजर आया। दरअसल, इस लोकसभा चुनाव में भाजपा अकेले दम पर बहुमत से दूर रह गयी, हालांकि, उनके नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन बहुमत के आंकड़े से काफी आगे निकल गया।

**एनडीए को 293 तो इंडिया की 234 सीटें :** 2024 के चुनावी रण में सियासी पार्टियों की स्थिति कुछ इस कदर हैं। भाजपा को 240 सीटें मिलीं, वहीं टीडीपी, जदयू समेत अन्य सहयोगी पार्टियों की बदौलत एनडीए गठबंधन 293 सीटों पर पहुंच गया। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया की बात करें तो उन्हें 234 सीटें आयी हैं। पिछली सत्र के मुकाबले ये आंकड़ा काफी ज्यादा है। कांग्रेस ने इस चुनाव में 99 सीटें अपने नाम की है। ये पार्टी का बीते एक दशक के दौरान सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इसी के साथ कांग्रेस ने मुख्य विपक्षी पार्टी का भी तमगा हासिल कर लिया।



### कांग्रेस का एक दशक में यह शानदार प्रदर्शन

कांग्रेस ही नहीं इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी ने भी इस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया। अखिलेश यादव की पार्टी की इस चुनाव में 37 सीटें आयी हैं। कुल मिलाकर इस लोकसभा सत्र में मजबूत विपक्ष की वजह से केंद्र की एनडीए सरकार को बिल पास कराने में ज्यादा मेहनत करनी होगी। सदन में हंगामे के आसार ज्यादा हो सकते हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि 2019 के मुकाबले 2024 में स्थिति बिल्कुल जुदा है। 2019 लोकसभा चुनाव में एनडीए को 350 सीटें आई थीं। वहीं विपक्षी गठबंधन यूपीए के 92 सांसद ही चुनकर लोकसभा पहुंचे थे। उस समय सत्ताधारी खेमा बेहद मजबूत था। हालांकि, इस बार नजारा बिल्कुल अलग ही नजर आ रहा।

---

# टीचर की भूमिका में कल्पना सोरेन छात्राओं को दिये सफलता के टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को टीचर की भूमिका में नजर आयीं। अपने दौरे के पांचवें दिन सर जेसी बोस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स हाई स्कूल गिरिडीह पहुंची। वहां उन्होंने स्कूल का निरीक्षण किया। साथ ही कल्पना सोरेन वहां की छात्राओं से क्लास रूम में भी मिलीं। उनसे स्कूल के बारे में पूछा और जरूरी टिप्स दिये। कल्पना ने छात्राओं से पूछा कि स्कूल में नियमित क्लास होती है कि नहीं। शिक्षक आते हैं या नहीं। स्कूल में सारी सुविधाएं मिलती है या नहीं। उन्होंने बच्चियों से अंग्रेजी में बातचीत की। बच्चों से उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं है शुरू-शुरू क्लास में अच्छा नहीं करते हैं, पीछे रहते हैं, वह जीवन में भी पीछे रह जायें। हर बच्चे में अलग-अगल गुण होते हैं। जरूरी है, उसे पहचान कर अच्छा करने की। आपलोग अपना शत-प्रतिशत दें, पूरी ईमानदारी के साथ। पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी हाथ अजमायें, एक दिन सफलता आपके कदम चूमेगी। इस मौके पर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के कार्य प्रगति की समीक्षा की, कहा

# प्रारंभिक विद्यालयों में समृद्ध जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई जल्द होगी प्रारंभ

**शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या बढ़ाने का दिया निर्देश**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अध्ययन कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को 15 अगस्त 2024 तक इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 11 हजार पदों पर नियुक्ति तथा स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 15 हजार पदों की बहाली आगामी 5 सितम्बर 2024 तक हर हाल में करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस निमित्त शिक्षक बहाली की सभी प्रक्रियाओं को यथाशीघ्र पूरी करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार राज्य में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को निरंतर मजबूत करने का कार्य कर रही है। स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को शिक्षकों की कमी की वजह से पठन-पाठन में बाधा नहीं पहुंचे यह हमारी नैतिक जिम्मेवारी है।

### क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में लायें तेजी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय विषयों की पढ़ाई प्रारंभ हो सके, इसके लिये जनजातीय भाषा के 3538 एवं क्षेत्रीय भाषाओं के 8418 पदों पर जो नियुक्ति की जानी है। इसकी सभी प्रक्रिया जल्द पूरी करें। उन्होंने कहा कि सदृश्य वादों में पारित न्यायादेश के आलोक में अंतिम काउंसलिंग के आधार पर चयनित 1511 प्रारंभिक शिक्षकों को जल्द नियुक्ति पत्र दी जाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर वैसे स्कूल जिसे कठिन भौगोलिक समस्याओं के कारणों से बंद किया गया था। उन विद्यालयों को फिर से प्रारंभ करने के लिये विभाग द्वारा आवश्यक कार्य योजना बनायी जाये।

उन्होंने निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, पोशाक वितरण, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना एवं साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को ससमय पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराई जाये। अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक आपूर्ति एवं वितरण का कार्य जारी है। निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जायेगा।

उन्होंने सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस विद्यालयों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि राज्य में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की कार्य योजना में तेजी लायें। राज्य के स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को हर हाल में सुदृढ़ करना है। सभी सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी, शौचालय तथा स्कूल परिसरों के साफ सफाई में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए डिजिटल शिक्षा एवं स्मार्ट क्लास की पढ़ाई की व्यवस्था में कोई बाधा नही पहुंचनी चाहिये। उन्होंने समग्र शिक्षा अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा, निपुण समागम 2024, विद्यालय प्रमाणीकरण, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत मेधावी छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण, समावेशी शिक्षा मध्याह्न भोजन योजना सहित विभाग द्वारा किये जा रहे अन्य कार्यों की गहन समीक्षा करते हुये अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश भी दिये।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, निदेशक प्राथमिक शिक्षा शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद जयंत मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## राज्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त की नियुक्ति का मामला कैबिनेट के पास विचाराधीन

# महाधिवक्ता ने हाई कोर्ट को दी जानकारी- नियुक्ति प्रक्रिया जल्द कर ली जायेगी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य की 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के मामले की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को हुई। महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि राज्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त आदि की नियुक्ति का मामला कैबिनेट के पास विचाराधीन है, नियुक्ति प्रक्रिया जल्द प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 1 जुलाई निर्धारित की। वहीं विधायक बाबूलाल मरांडी एवं प्रदीप यादव से संबंधित मामले में कोर्ट ने सुनवाई के लिए 24 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। प्रदीप यादव की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। यहां बता दें बाबूलाल मरांडी के दल बदल-मामले एवं प्रदीप यादव की ओर से जेवीएम का भाजपा में विलय से संबंधित मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई हो रही है।



दरअसल, राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है।

वहीं राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी जनहित याचिका दाखिल की गई है।

## लौह अयस्क को हटाने के मामले में सुनवाई

# पांच खनन कंपनियों के लौह अयस्कों को हटाने की सरकारी प्रक्रिया जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाईकोर्ट में सोमवार को सारंडा जंगल में पड़े लौह अयस्क को हटाने से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान माइंस विभाग के प्रभारी प्रधान सचिव कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। प्रभारी प्रधान सचिव ने अदालत को बताया कि सारंडा जंगल में बंद पड़ी 16 माइनिंग कंपनियों के लौह अयस्कों में से 11 माइनिंग कंपनियों का मामला विभिन्न अदालत में लंबित है। पांच माइनिंग कंपनियों के लौह अयस्कों को हटाने की प्रक्रिया राज्य सरकार की ओर से चल रही है। इनमें कोई कानूनी बाधा नहीं है। इससे संबंधित फाइल विभागीय मंत्री के पास है, विभागीय मंत्री से अनुमति मिलने पर पांच माइनिंग कंपनियों के लौह अयस्कों को हटाने के लिए चालान जारी किया जायेगा। अब इसकी अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

**क्या है मामला :** सारंडा के जंगलों में हो रही गैरकानूनी माइनिंग को बंद करवाने और पर्यावरण को बचाने के लिए विधायक सरयू राय ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद सारंडा जंगल में माइनिंग एक्टिविटी तो बंद हो गई, लेकिन अत्यधिक मात्रा में माइनिंग की गई लौह-अयस्क को खुले में छोड़ दिया गया है, जिससे पर्यावरण दूषित हो रहा है।

# भाजपा की निलंबित नेत्री सीमा पात्रा के मामले में मेंटीबिलिटी पर सुनवाई पूरी

**नौकरानी के साथ क्रूरता का मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नौकरानी के साथ क्रूरता मामले में निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली भाजपा की निलंबित नेत्री सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर सुनवाई पूरी हो गई, इस पर कोर्ट मंगलवार को आदेश सुनाएगी।

सोमवार को सुनवाई के दौरान इस पर बहस की गई कि यह मामला क्रिमिनल रिविजन का है या अपील का। बता दें कि मामले को लेकर सीमा पात्रा के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। रांची की निचली अदालत ने सीमा पात्रा की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# जिला न्यायालयों में लगेगा विजिटर मॉनिटरिंग सिस्टम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा है कि राज्य के सभी जिला न्यायालयों में विजिटर मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया जायेगा। वे सोमवार को हाईकोर्ट, जिला न्यायालयों, न्यायाधीशों के आवासीय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया कि न्यायिक पदाधिकारियों और कर्मचारियों के कोर्ट परिसर में उपस्थित रहने तक सुरक्षा जरूरी है।

डीजीपी ने जिला न्यायालय परिसर में विजिटर मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने के लिए जैप आईटी से समन्वय बनाने को कहा। कोर्ट परिसर के प्रवेश और निकास द्वार पर पदाधिकारी के साथ सशस्त्र पुलिसकर्मी को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि सभी न्यायिक दंडाधिकारी के आवासीय परिसर में सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही सभी कोर्ट परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाकर विशेष निगरानी सुनिश्चित करना है।

डीजीपी ने कहा कि अभियुक्तों को फिजिकल मोड के बजाए वीसी के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत कराने पर बल दें ताकि सुरक्षा में चूक न हो। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को नियमित रुप से बदलना है। डीजीपी ने निर्देश दिया कि सभी डीआइजी महीने में एक बार न्यायाधीशों के आवासीय परिसरों के प्रवेश और निकास द्वार पर सुरक्षा का औचक निरीक्षण करेंगे। डीजीपी ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के आने-जाने वाले रुट पर अवैध पार्किंग, गलत दिशा में चलने वाले वाहनों को रोकने और हाट बाजार के पास अवैध पार्किंग पर रोक लगायें।

## मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ घर जाकर करेंगे सत्यापन

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और पुराने वोटर कार्ड को अपडेट कराने के लिए करें ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन : सीईओ

**झारखंड विधानसभा चुनाव में बनना है नया वोटर तो 25 जून से शुरू हो रहे विशेष अभियान का उठायें लाभ**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए निर्वाचन विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि एक जुलाई 2024 को या इससे पहले जिनकी उम्र 18 वर्ष या इससे अधिक की हो रही है, उनका भी वोटर के तौर पर निबंधन की तैयारी है। राज्य में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने राज्य के नागरिकों से अनुरोध किया है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नए पात्र मतदाता स्वयं को पंजीकृत करवाने या जिन मतदाताओं के पास पुराने लेमिनेटेड कार्ड हैं, उसे अद्यतन कराने के लिए अपने बीएलओ के माध्यम से अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप पर आवेदन समर्पित कर सकते हैं।



### 25 जुलाई को मतदाता सूची ड्राफ्ट का प्रकाशन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 25 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। इसके उपरांत 9 अगस्त तक मतदात इसमें सुधार के लिए दावा और आपत्ति समर्पित कर सकेंगे। फिर 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इस दौरान मतदाताओं को जगरुक करने एवं मतदाता सूची में अपने नाम पंजीकृत करवाने अथवा मतदाता पहचान पत्र को अद्यतन कराने के लिए विभिन्न कैम्पेन भी चलाये जाएंगे।

### चार अलग अलग डेट में चलेगा विशेष अभियान

राज्य में चार अलग अलग डेट में विशेष अभियान दिवस मनाया जाएगा। 27-28 जुलाई और 3-4 अगस्त को यह तय किया गया है। 29 जुलाई को पीवीटीजी ग्रुप एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का नाम अभियान चला कर रजिस्टर्ड किया जाएगा। सभी रैन बसेरों, आश्रय गृहों में रहने वालों के लिए 30 जुलाई को अभियान चलेगा। पात्र दिव्यांग जनों का निबंधन मतदाता सूची में मार्किंग के लिए 31 जुलाई को अभियान चलाया जाएगा। 85+ आयु वर्ग के लोगों के लिए एक अगस्त और सभी पात्र थर्ड जेंडर, सेक्स वर्कर्स के निबंधन के लिए 2 अगस्त को अभियान चलेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य में 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का प्री-रिविजन एक्टिविटीज किया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। उच्च अधिकारी भी इसका भौतिक सत्यपन करेंगे।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण में राजनीतिक दलों से सहयोग अपेक्षित : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को निर्वाचन सदन में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनसे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपेक्षित सहयोग की अपील की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को लोकसभा निर्वाचन के शांतिपूर्ण समापन की बधाई देते हुये आगामी विधानसभा चुनाव एवं मतदाता पुनरीक्षण संबंधी गतिविधियों में उनके अपेक्षित सहयोग का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामलों में विगत लोकसभा निर्वाचन में पहले से कमी आयी है। राजनीतिक दल अपने कार्यकर्त्ताओं के बीच इसके नियमों का उचित प्रचार प्रसार कर इसके अनुपालन में सहयोग करें।

**घर-घर जा रहे हैं बीएलओ :** श्री कुमार ने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर घर जा कर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें साथ ही यदि उनके पास मतदाताओं से प्राप्त शिकायतें है उसकी सूची ससमय उपलब्ध करायें, जिससे समय रहते उनका समाधान किया जा सके।

**नये मतदान केंद्र बनाने हैं, तो दें लिस्ट :** उन्होंने कहा कि 1500 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र, दूरस्थ मतदान केंद्रों एवं शहरी क्षेत्र की कॉलोनियों के मामलों में नए मतदान केंद्र बनाये जा सकते हैं। इस बावत उन्होंने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि ऐसे क्षेत्रों में यदि कोई नए मतदान केंद्र निर्माण की आवश्यकता प्रतीत होती है तो वे उसकी सूची अविलंब अपने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं।


cmpdi A Miniratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड रांची - 834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए द्वितीय तल्ला
दूरभाष: 06525-225835 फैक्स 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

पत्रांक ............ दिनांक ............

**आवश्यक सूचना**

काफी लंबी अवधि से अपने कार्य क्षेत्र से अनुपस्थित रहने वाले निम्न प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं रिसोर्स शिक्षक को सूचित किया जाता है कि वे अपनी अनुपस्थिति के संदर्भ में युक्तिपूर्ण कारण के साथ अपना पक्ष अधोहस्ताक्षरी के समक्ष रखने हेतु साक्ष्य के साथ स्वयं व्यक्तिगत रूप से दिनांक 29.06.2024 को झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह माना जाएगा कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है एवं विभाग/कार्यालय अग्रेत्तर कारवाई हेतु स्वतंत्र होगा।

1. नीलिमा वर्मा, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, बानो।

राजेश कुमार महतो, रिसोर्स शिक्षक, प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, कुरडेग।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा।

PR 327452 Primary Education (24-25)D

GOVT. OF JHARKHAND
CABINET SECRETARIAT & VIGILANCE DEPARTMENT
(CIVIL AVIATION DIVISION)
STATE HANGAR, AIRPORT ROAD, HINOO, RANCHI- 834002.
email:- civilaviation.jhr@gmail.com; govtflyops@gmail.com
Telefax:- 0651-2250319, 2251090

Ref. No.-371, Date:-24.06.2024

**Notice inviting Very Short Re-Tender**

Civil Aviation Division, Govt. of Jharkhand invites Very Short Re-Tender under 02 BID SYSTEM for hiring of Helicopter on Wet Lease for initially 01 year and Assured Flight Time of 30 Hrs per Month as per the following schedule of events :-

| | |
|---|---|
| Tender reference number :- | CAD-VIII-02/2024/370, Dated-24/06/2024 |
| Name of Work :- | Tender under 02 BID SYSTEM for hiring of Helicopter on Wet Lease for initially 01 year and Assured Flight Time of 30 Hrs per Month |
| Earnest Money Deposit (EMD) (in INR) :- | Rs. 15,00,000/- (Rupees Fifteen Lakh Only) |
| Tender fee (in INR) :- | Rs. 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) |
| Publish of tender on website and download of tender documents:- | 25/06/2024; 10:00 AM |
| Start of bid submission :- | 25/06/2024; 10:00 AM |
| Last date of Bid submission:- | 06/07/2024; 06:00 PM |
| Technical bid opening :- | 08/07/2024; 12:00 PM |
| Opening of Financial Bid :- | To be notified later |
| Submission of EMD and Tender Fee:- | Online Mode through jharkhandtenders.gov.in |
| Address for Communication:- | Capt. S. P. Sinha, Director (Ops.), Civil Aviation Division, State Hangar, Airport Road, Hinoo, Ranchi, Jharkhand. Pin :- 834002 |
| Contact Number :- | Mr. Chanchal Kr. Sinha, Section Officer : 6205246546 |

For further details and application please visit jharkhand tenders.gov.in

Sd/-
(Capt. S. P. Sinha), Director (Ops.)
Civil Aviation Division

PR 327541 Civil Aviation(24-25)#D

**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-:आम सूचना:-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/ नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

होरील महतो
↓
स्व0 रामेश्वर प्रसाद — मोहन प्रसाद — स्व0 भुनेश्वर प्रसाद
स्व0 रामेश्वर प्रसाद ↓ आशोक कुमार, कुंजल कुमार
स्व0 भुनेश्वर प्रसाद ↓ संजय कुमार

PR.NO.327535 District(24-25):D

अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग।

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला अन्तर्गत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 तथा अधिनियम 1996 तथा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पत्रांक 55/25.01.22 के आलोक में निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के परिपत्र सं0 114/18.01.1992, सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के परिपत्र सं0 1410/दि0 29.06.2011 एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के परिपत्र सं0 1325/दि0 11.10.23 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2026-27 की अवधि हेतु हजारीबाग जिला के ऐसे राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती की जानी है, जिनकी बंदोबस्ती अवधि 31.03.2024 को समाप्त हो गई है अथवा जो पूर्व से अबन्दोबस्त है। सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410/दि0 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम 1935 एवं अधिनियम 1996 के अन्तर्गत निबंधित समितियों में भेद को समाप्त करते हुए उक्त दोनों प्रकार के समितियों को समतुल्य करार दिया गया है। तद्नुसार हजारीबाग जिले में कार्यरत सभी प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/स्वावलंबी मत्स्यजीवी सहकारी समितियों/पंचायत स्तरीय समितियों से ऐसे जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती (वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2026-27) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है, जिसकी बन्दोबस्ती की जानी है एवं जो प्रस्तावक समिति के कार्यक्षेत्र में अवस्थित हैं। उक्त प्रस्ताव के आलोक में सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी को बन्दोबस्ती प्रस्ताव के साथ उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। इसके पश्चात् ही बन्दोबस्ती पर विचार किया जाएगा। यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के कार्यक्षेत्र में आता है, तो ऐसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बन्दोबस्ती की जाएगी।

जिले में कार्यरत सभी प्रखण्ड स्तरीय सहयोग समिति (1935) एवं स्वावलंबी मत्स्यजीवी सहकारी समितियों (1996) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पत्रांक 55/25.01.22 के आलोक में गठित पंचायत स्तरीय समितियों से बन्दोबस्ती का प्रस्ताव **दिनांक 08.07.24** तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में निम्नलिखित कागजातों के साथ जमा करना अविवार्य होगा।

1) वित्तीय वर्ष 2023-24 में समिति के द्वारा सदस्यों के साथ की गई जलकरों के वितरण का प्रतिवेदन

| क्र0 सं0 | वर्ष | जलकर का नाम | सदस्य का नाम | सदस्यता पंजी में क्रम सं0 | बन्दोबस्ती की अवधि (सदस्य के साथ) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

2) राजस्व जमा प्रतिवेदन/राजस्व बकाया रहित प्रमाण पत्र (रसीद की छाया प्रति संलग्न करें)
3) कार्यकारिणी समिति की आम सभा की कार्यवाही की छाया प्रति। (पारित प्रस्तावित जलकरों की सूची सहित)
4) अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन (2023-24)।
5) विशेष आम सभा/निर्वाचन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
6) सदस्यता सूची की सत्यापित छाया प्रति।(सहायक निबंधक/संबंधित प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा)
7) सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
8) कार्यकारिणी का प्रस्ताव।
9) समिति के बैंक खाता का प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति।

बन्दोबस्ती प्रस्ताव के साथ उपरोक्त कागजातों को जमा करने के पश्चात ही समितियों के साथ बन्दोबस्ती करने पर विचार किया जाएगा। निर्धारित तिथियों तक जिन जलकरों की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव समितियों के द्वारा सभी कागजातों/अर्हताओं के साथ प्राप्त नहीं होने पर उक्त जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती खुले डाक से करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

ह0/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 327483 Minor Irrigation(24-25)#D

# अगले दो सीजन के लिए जमशेदपुर एफसी की कमान संभालेंगे खालिद जमील

- आज उत्साहित, आभारी और वास्तव में बहुत ही खुश हूं : खालिद जमील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अनुभवी और एएफसी प्रो लाइसेंस प्राप्त कोच और एफपीएआई कोच ऑफ द ईयर 2020-21, खालिद ने पिछले सीजन के बीच में जमशेदपुर के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभाला था, उस समय जब क्लब ने 11 में से सिर्फ 2 मैच जीते थे। उनकी नियुक्ति के बाद कई बेहतरीन परिणाम देखने को मिले। क्लब ने 2024 कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस दौरान उन्होंने सभी तीन लीग गेम जीते। उनके नेतृत्व में जमशेदपुर एफसी ने अपने पहले 5 आईएसएल मैचों में 3 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 11 अंक प्राप्त किए, जिससे क्लब को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के अंतिम गेम तक प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने में मदद मिली।

आई-लीग बेस्ट कोच अवार्ड 2016-17 के विजेता खालिद ने कहा, हम आईएसएल जीतना चाहते हैं। हमारे फैंस हर बार जो जबरदस्त समर्थन दिखाते हैं, उसके लिए वे इसके हकदार हैं। हम एक ऐसी टीम बना रहे हैं जो हर ट्रेनिंग सेशन और मैच में इसे हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देगी, खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ दोनों। जब मैंने क्लब मैनेजमेंट से बात की, तो हमारे पास एक जैसा नजरिया था कि हम पिछले सीजन से कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं और कमियों को कैसे दूर करना चाहते हैं। जमशेदपुर के पास टाटा फुटबॉल अकादमी और जेएसए लीग के साथ फुटबॉल की एक बड़ी विरासत के साथ एक अद्भुत फैंस बेस है, जो अब लगभग 80 साल पुराना है।



जमशेदपुर एफसी के चेयरमैन चाणक्य चौधरी और सीईओ मुकुल विनायक चौधरी के साथ नये कोच खालिद।

उन्होंने आगे कहा, हम इस विरासत का लाभ उठाना चाहते हैं और आईएसएल में लगातार प्रदर्शन करके क्लब को आगे ले जाना चाहते हैं - जो कि क्लब का हकदार है। हमें हर दिन कड़ी मेहनत करनी होगी, सुधार करना होगा और प्रदर्शन करना होगा।

जमशेदपुर एफसी के सीईओ मुकुल चौधरी ने कहा, खालिद को अपना मुख्य कोच बनाए रखने पर हमें खुशी है। उनकी भागीदारी भविष्य के लिए स्थिरता और स्पष्टता प्रदान करती है और हम सभी को प्रभावी ढंग से एक साथ आगे बढ़ने में मदद करती है।

उन्होंने आगे कहा, खालिद का ट्रैक रिकॉर्ड हमारी आकांक्षाओं से मेल खाता है। खेल की उनकी समझ, अनुभव, भारतीय फुटबॉल की गहन समझ, मैन मैनेजमेंट, प्रतिबद्धता और जुनून ने एक भारतीय कोच के लिए शानदार उपलब्धियों और हमारे देश के लिए गर्व की बात साबित की है। हम आगामी आईएसएल सीजन की सभी तैयारियों पर पहले से ही कड़ी मेहनत कर रहे हैं और खालिद क्लब को आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति हैं।

भारतीय फुटबॉल के सबसे व्यस्त कैलेंडर के साथ क्लब को डूरंड कप, इंडियन सुपर लीग और सुपर कप में खेलना है। क्लब का प्री-सीजन कैंप जुलाई में शुरू होने की उम्मीद है, जिसमें आने वाले हफ्तों में संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की जायेगी।

# शंख मैदान में संरचना निर्माण करने पहुंची जेएनएसी की टीम को लौटाया

- विधायक फंड से बनने वाली संरचना निर्माण का सूर्य मंदिर समिति ने किया कड़ा विरोध
- शंख मैदान में रूद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, समिति ने एसडीओ के नाम सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो


जिला कार्यपालक दंडाधिकारी के सामने विरोध करते भूपेंद्र सिंह, रामबाबू तिवारी व अन्य।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में संरचना निर्माण एवं अन्य कार्य को लेकर सूर्य मंदिर समिति आक्रोशित है। सोमवार को मंदिर परिसर में निर्माण कार्य की जानकारी मिलने पर सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, गुंजन यादव समेत काफी संख्या में मंदिर समिति के सदस्यों व आमजनों ने इसका कड़ा विरोध किया। एसडीओ धालभूम को इसकी जानकारी दी गयी और शंख मैदान एवं मंदिर परिसर में किसी भी तरह के निर्माण कार्य न करने का आग्रह किया गया।

इस दौरान समिति ने एसडीओ के नाम ज्ञापन सौंपकर आध्यत्मिक स्थल शंख मैदान की महत्ता दशार्ते हुए निर्माण कार्य को अनुचित बताया और निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की। इस घटना को लेकर एक ओर जहां स्थानीय निवासियों, मंदिरों के पुजारियों एवं सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों में भारी रोष है तो वहीं, दूसरी ओर सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने इसे विधायक सरयू राय की धर्मविरोधी मानसिकता और नकारात्मक राजनीति का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय शहर के प्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल सूर्यधाम परिसर को राजनीतिक साजिश के तहत बर्बाद करने की गहरी साजिश कर रहे हैं। शंख मैदान में संरचना बनाने की अनुशंसा कर सरयू राय एक धार्मिक स्थल के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश लगातार कर रहे हैं। वे बार-बार विकास कार्य के नाम पर सूर्य मंदिर में आस्था रखने वालों लाखों भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने में लगे हैं।

वहीं, विश्व कल्याण एवं संस्कृति संरक्षण हेतु शंख मैदान में सोमवार से रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ है। जिसमें मानव कल्याण में रुचि रखने वाले लोग सपरिवार सम्मिलित होंगे। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति मंदिर परिसर के समुचित देखभाल और धार्मिक गतिविधियों का संचालन बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के शुद्ध धार्मिक भावना के साथ करती है और इस तरह के निर्माण कार्य से उक्त स्थल पर होने वाले सभी धार्मिक आयोजन प्रभावित होंगे।

वहीं, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति मंदिर परिसर की बिजली बिल, पानी बिल, साफ-सफाई एवं सुरक्षा गार्ड के खर्च का वहन विगत 25 वर्षों से कर रही है। समिति मंदिर परिसर की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर हमेशा गंभीर रही है। चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि विधायक सरयू राय का पिछले साढ़े चार वर्षों में विकास कार्यों के नाम पर कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं रहा है। परन्तु वे लगातार सूर्य मंदिर के पवित्र स्थल की स्वच्छता और पवित्रता को भंग करने का प्रयास कर रहे हैं।

## छह एकड़ सरकारी जमीन हड़पना चाहते हैं भूपेंद्र-चंद्रगुप्त : सरयू राय

- विधायक ने जिला प्रशासन और जेएनएसी की भी खिंचाई की

खबर मन्त्र ब्यूरो


सरयू राय की फाइल फोटो।

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने यहां एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि जमशेदपुर ज़िला प्रशासन स्थिति स्पष्ट करें कि वह शंख मैदान और समीपवर्ती करीब 6 एकड़ सरकारी जमीन को तथाकथित सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह और संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह के चंगुल में जाने से रोकना चाहता है या नहीं? यह भूखंड सरकारी है। इसपर बनी संरचनाएँ सरकारी पैसे से बनी हैं। इसके एक ओर सूर्य मंदिर की बाउंड्री है और दूसरी ओर चंद्रगुप्त सिंह के महलनुमा अवैध मकान की बाउंड्री है। भूपेन्द्र सिंह ने सूर्य मंदिर की सांसद निधि से बनी बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया है, चंद्रगुप्त सिंह अपने महल की बाउंड्री तेज देने की फि राक में हैं। ये दोनों बीच के करीब 6 एकड सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। इस सरकारी जमीन पर मेरे विधायक निधि से होने वाले विकास कार्यों से ये दोनों परेशान हैं और धार्मिक रंग देकर एक साल से सरकारी काम में बाधा डाल रहे हैं। विडंबना है कि जिला प्रशासन मौन और मूकदर्शक बनकर इनका और इनके अवैध इरादों का मनोबल बढ़ा रहे हैं।

विधायक ने कहा कि विगत एक साल से ये झूठ फैला रहे हैं कि मैं सूर्य मंदिर की धार्मिक आस्था पर चोट कर रहा हूं। पर प्रशासन ने कभी भी इस झूठ-फरेब का खंडन नहीं किया है और असलियत से लोगों को अवगत नहीं कराया है जबकि मेरी विधायक निधि से इस भूखंड पर प्रस्तावित विकास योजनाओं को जिला प्रशासन ने स्वीकृत किया है।

## छत पर सोये पांच लोगों को नशीला स्प्रे मार पांच फोन चोरी

- मानगो डिमना मेन रोड़ में दोषा दुकान में चोरों ने किया हाथ साफ
- नशा की सामग्री और डेली लौटरी बिक्री के कारण बढ़ा अपराध : विकास सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो


पीड़ित दुकानदार से बात करते भाजपा नेता विकास सिंह।

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना मुख्य सड़क स्थित उलीडीह थाना से महज 300 मीटर दूर स्थित पटेल पथ के समीप संजय प्रसाद की दोसा दुकान दोसा हाऊस में बीती रात दो चोरों ने पीछे के रास्ते घुसकर छत पर सोये पांच लोगों को नशीला स्प्रे मार बेसुध कर पांच स्मार्टफोन चोरी कर ले गये। साथ ही चोरों ने दुकान के कैश काउंटर को भी खंगाला जिसमें रखे नगदी खुदरे करीब 400 से 500 लेकर भाग गये। पूरे मामले सीसीटीवी में कैद है। चोरी की जानकारी मिलते ही मालिक संजय प्रसाद ने भाजपा नेता विकास सिंह को दूरभाष पर जानकारी देते हुए बुलाया। विकास को संजय ने बताया कि सीताराम गोप, रथु सिंह, मधु गोप, विकास महतो और कमल महतो को बेसुध कर उनका स्मार्टफोन चोरी कर लिया गया।

## भाजपा जमशेदपुर महानगर मंगलवार को मनायेगी आपातकाल का काला दिवस

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बूथों पर होगा पौधरोपण
- काला दिवस संगोष्ठी में शामिल होंगे नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो


तैयारी बैठक का दृश्य।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से प्रारंभ हुई पखवाड़ा के तहत आगामी 6 जुलाई तक भाजपा जमशेदपुर महानगर पंद्रह दिवसीय पखवाड़ा के जरिये अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन करेगी। 25 जून को लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल की 50वीं बरसी पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। वहीं, मन की बात, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जमशेदपुर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधरोपण करेंगे और अन्य लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। जमशेदपुर महानगर में कार्यक्रम की व्यापक सफलता हेतु विभिन्न मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्षों एवं कार्यक्रम प्रभारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के साथ सफलता हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

# सरायकेला : पर्यटन केंद्रों के विकास को ले बनी रणनीति

- डीडीसी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**सरायकेला/जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त श्री प्रभात कुमार बर्दियार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक हुई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा निर्देश के अनुपालन तथा विभिन्न पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार हेतु किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्धारित समयावधी में कार्य पूर्ण करने तथा कार्यों तथा सामग्रियों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखनें के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पर्यटन विभाग अमित कुमार ने बताया कि पूर्व की बैठक में प्रस्तावित पर्यटन स्थलों कुल 25 सूची में विभाग ने 10 पर्यटन स्थलों को डी कैटेगरी में अधिसूचित किया है।

## घाटशिला-मऊभंडार की शराब दुकान से करीब पांच लाख रुपया नगद की चोरी

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**घाटशिला।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर स्थित पुराना रेलवे फाटक के समीप एवं मऊभंडार ओपी क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित अंग्रेजी शराब दुकान से रविवार की देर रात चोरों ने लगभग 5 लाख कैश समेत कई कीमती शराब की दर्जनों बोतल की चोरी कर ली। मामले की जानकारी तब मिली जब सुबह लोगों ने दुकान का ताला टूटा देखा. शराब दुकान में काम करने वाले सभी कर्मचारी पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दिया। घाटशिला पुलिस मौके वारदात पर पहुंच कर देखा कि शराब बिक्री के पैसे जो कर्मचारी द्वारा लॉकर में रखे जाते हैं चोरों ने उस लॉकर को ही उखाड़ कर ले गया। लेकिन यह तय नहीं हो पाया की कितनी पेटी दारू को बोतल लेकर चोर गया है। मऊभंडार में भी वही हाल है। घाटशिला की शराब दुकान में 2 दिन की बिक्री के करीब 3 लाख 10 हजार एवं मऊभंडार की शराब दुकान में 1 लाख 35 हजार नगद जो लॉकर में रखा था।

# श्रीनाथ विवि और शिनावात्रा विवि, थाईलैंड के बीच हुआ एमओयू

खबर मन्त्र ब्यूरो



वर्चुअल एमओयू करते दोनों विवि के पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय और शिनावात्रा विश्वविद्यालय, थाईलैंड के बीच हुआ एमओयू हुआ है। इस ऐतिहासिक समझौते पर औपचारिक रूप से श्रीनाथ विश्वविद्यालय की ओर से डीन एडमिनिस्ट्रेशन, जे राजेश और आईक्यूएसी सेल प्रभारी, डॉ मृत्युंजय महतो के साथ-साथ शिनावात्रा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एसोसिएट प्रोफेसर झोउ फी और अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ प्रतीक्षा भंडारी ने हस्ताक्षर किये। मौके पर शिना वात्रा विश्वविद्यालय, थाईलैंड की ओर से डॉ वीनश डेनियन भी उपस्थित थे। यह समझौता ज्ञापन ऑनलाइन संचालित हुआ।

जे राजेश ने इस समझौता ज्ञापन पर बात करते हुए कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के लिए अपने शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। हम निश्चित रूप से इस एम ओ यू से एक उपयोगी साझेदारी की आशा करते हैं जो हमारे छात्रों, शिक्षकों और बड़े शिक्षाविदों के लिए पारस्परिक लाभ के लिए नये अवसर देगा।

**इस समझौता ज्ञापन से होने वाले लाभ :** दोनों संस्थान शैक्षणिक पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों के विकास में सहयोग करेंगे, जिससे विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त होगी।

**छात्र विनिमय कार्यक्रम :** इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र एक-दूसरे के साथ अध्ययन करने का अवसर प्राप्त करेंगे, जिससे उन्हें विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक अनुभव प्राप्त होंगे।

**व्यावसायिक विकास :** संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के व्यावसायिक विकास के लिए प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। ज्ञान और संसाधनों का आदान-प्रदानः दोनों संस्थान अपने ज्ञान और संसाधनों को साझा करेंगे, जिससे शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### बिद्युतबरण और जोबा ने किया शपथ ग्रहण




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो और सिंहभूम लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित झामुमो सांसद श्रीमती जोबा माझी ने आज संसद भवन में शपथ ग्रहण किया। भाजपा सांसद बिद्युतबरण महतो संसद सदस्य के रूप में बांग्ला भाषा में शपथग्रहण किया जबकि झामुमो सांसद जोबा माझी ने हिन्दी में शपथ ग्रहण किया।

### महिला से छिनतई करने वाला गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** विगत दिनों गोविंदपुर थाना अंतर्गत घोड़ा बांदा से दो अज्ञात बुलेट सवाल लड़कों द्वारा खलंगाजर से घोड़ाबांधा स्कूटी से घर जा रही एक बुजुर्ग महिला से झपट्टा मारकर उनके गले से सोने का चेन छीन लिया था। इस मामले में जमशेदपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिरसानगर जोन नंबर पांच के रहने वाले रोहित मुर्मू को छिनतई में प्रयोग किये गये बुलेट के साथ उसके घर के पास से पकड़ा है। रोहित ने चैन को टेल्को थाना अंतर्गत एसएल ज्वेलर्स आजाद मार्केट में बेचने की बात बतायी।

### विद्यालय का ताला तोड़ जूता-फुटबॉल की चोरी



**जादूगोड़ा।** राजदोहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय का ताला व ग्रील का रड तोड़कर चोरों ने बीती रात एक जोड़ा जूता व एक फुटबॉल की चोरी की घटना को अंजाम दिया। इधर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य मुकुल कुमारी ने इस बाबत जादूगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी। जानकारी के अनुसार चोरी की दूसरी बार घटना है।

### आज पूर्व डिप्टी सीएम सुधीर महतो की जयंती मनायेगा झामुमो

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष एंव झारखंड सरकार के पुर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो की 68वीं जयंती 25/06/2024 को है। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पूर्वी सिंहभूम ने निर्णय लिया है वीर शहीद निर्मल महतो स्टेडियम कदमा उलियान में झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला के पदाधिकारी, जिला के सदस्य एवं जमशेदपुर नगर के पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ दिन के 11 बजे मनाया जायेगा।

### साईंनाथ देवस्थानम में गुरु पूर्णिमा 21 को



**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान के तत्वाधान में श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा, टेल्को मंदिर परिसर में 21 जुलाई, रविवार (रविवार) को श्री गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा। अध्यक्ष अनूप रंजन ने बताया कि अनुष्ठान प्रातः 5.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी जिसमें काकड़ आरती, मंगल स्नान जैसे अनुष्ठान होंगे।

### उत्पाद विभाग ने कई अड्डों पर की छापेमारी

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों ने छापामारी अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कई थाना क्षेत्र में एक साथ अवैध शराब अड्डों पर छापेमारी कर वहां से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान कई अवैध शराब अड्डों पर कार्रवाई की गयी।

## एक नजर में

### आलोक, शाहदेव और राजेश का निलंबन वापस



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एआईसीसी के मेंबर रामाश्रय प्रसाद एवं कांग्रेस के उद्योग एवं व्यापार विभाग के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार सिंह ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता को प्रदेश कांग्रेस ने निलंबित किया था। इसको अब तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस का यह कदम स्वागत योग्य है। इसके लिए झारखंड प्रदेश के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी को धन्यवाद दिया है। तीनों नेता जमीन से जुड़े हुए हैं कांग्रेस में इनकी सक्रियता संगठन को मजबूत करेगी।

### खो-खो प्रशिक्षक सुबोल चटर्जी ए ग्रेड में प्रोन्नत



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 23 जून 2024 को पूर्वाह्न 8 बजे से रांची स्थित पूर्व विधानसभा परिसर में झारखंड राज्य खो- खो संघ के तत्वाधान में पांचवी राज्य स्तरीय खो- खो रेफरी /कोच और तकनीकी प्रशिक्षण सेमिनार 2024 का सफल आयोजन हुआ। जिसमें पूर्वी सिंहभूम की ओर से भाग लेते हुए खेल शिक्षक सह खो-खो प्रशिक्षक सुबोल चटर्जी ने राज्य स्तरीय को-को तकनीकी अधिकारी की परीक्षा में भाग लेते हुए ए ग्रेड से सफलता प्राप्त किया। परीक्षा के उपरांत परिणाम घोषित हुए। मौके पर झारखंड राज्य खो खो संघ के अध्यक्ष और महासचिव संतोष कुमार ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। सुबोल की इस सफलता पर पूर्वी सिंहभूम जिला खो -खो संघ के सदस्य समिति के सचिव विक्टर विजय, कोषाध्यक्ष श्याम शर्मा, कार्यकारी सदस्य डब्लू रहमान, राजकुमार, डाबो चाकिया, एम अरशद और दिगंबर मिश्रा ने बधाई दी।

### अंजना और ममता को मिली ट्राई साईकिल



**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार की अनुशंसा पर बाल विकास परियोजना कार्यालय से बागबेडा पोस्तो नगर निवासी दिव्यांग अंजना देवी एवं कीताडीह निवासी ममता कुमारी दोनो को ट्राई साइकिल उपलब्ध करवाया गया है। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा वर्मा, अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार, सीडीपीओ कार्यालय के पदाधिकारी सुशीला देवी, पुतुल, मुखिया उमा मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर दिव्यांग दोनों महिलाओं को ट्राई साइकिल पर अपने हाथों से बैठाये। ट्राई साईकिल पर बैठते ही दिव्यांग दोनों महिला के चेहरे खिल उठे। दोनों महिलाओं को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। मौके पर मुखिया उमा मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि केडी मुंडा, वार्ड सदस्य उमेश पाण्डे, प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, अरविंद पांडे आदि थे।

### पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल पर रक्तदान



**पोटका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल शुरू होने की खुशी में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मुखिया देवी कुमारी भूमिज के नेतृत्व में सोमवार को हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत भवन में किया गया। शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का शुभारंभ भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद विद्युतवरण महतो के सुपुत्र कुणाल महतो, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व विधायक कुणाल षांडगी, पूर्व सीएस डॉ ए के लाल, भाजपा नेता अभय सिंह, भाजपा नेत्री रीता मिश्रा, पार्षद सूरज मंडल उपस्थित थे। वक्ताओं ने मुखिया की पहल की भी प्रशंसा की।

## स्पीड न्यूज

### दलित और मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मृतक के परिजनों को बंधाया ढाढ़स



**पाटन पलामू।** पड़वा प्रखंड के काजरमा निवासी शमीम अंसारी (40) की आकस्मिक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर दलित कांग्रेस पलामू जिलाध्यक्ष अशोक पासवान एवं मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल सिंह मृतक के आवास पहुंचे। उन्होंने शमीम की मौत पर शोक जताते हुए कहा कि वे लोग परिजन के साथ हैं। मौके पर दलित प्रखंड अध्यक्ष पाटन संजय पासवान, कर्मूल अंसारी, इनामुल अंसारी, एहसान अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, निजाम अंसारी, मौलाना हंसो राजा उपस्थित थे।

### दिल्ली मोबाइल एसेसरीज का उद्घाटन



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के समीप स्थित दिल्ली मोबाइल एसेसरीज का उद्घाटन सोमवार को पूर्व मुखिया रिणु देवी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तथा राजद नेता बुधन सिंह यादव ने किया। अतिथियों ने कहा कि अब क्षेत्र के लोगों को मोबाइल एसेसरीज का होलसेल व रिटेल खरीदारी के लिए बाहर नहीं जाना होगा। प्रोपराइटर गोपाल गुप्ता ने बताया कि दुकान में फोल्डर, डिस्प्ले, हेडफोन, चार्जर, टच स्क्रीन, मोबाइल बैटरी सहित मोबाइल पार्ट्स होलसेल व रिटेल में किफायती दर पर मिलेगा। मौके पर उदय सिंह, अरबिंद पासवान, शिवम गुप्ता, अमन गुप्ता, जितेंद्र दास, सुरेंद्र सिंह, चंदन मालाकार, विकास मालाकार, प्रकाश कुमार, नागेंद्र सिंह उपस्थित थे।

### पड़वा में छात्रों को मिली नि:शुल्क साइकिल



**पड़वा, पलामू।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया के तहत सोमवार को आठवीं क्लास पास के छात्रों के बीच नि:शुल्क साइकिल का वितरण बीआरसी पंडवा में प्रमुख गीता मेहता, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, बीईईओ हरि ठाकुर व प्रभारी कल्याण प्राधिकारी पूजा रानी ने किया। प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत बच्चों को जो साइकिल मिल रहा है इससे बच्चों को अपने घर से दूर स्थित विद्यालय में पैदल नहीं जाना पड़ेगा। बीडीओ ने कहा कि सरकार की उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बच्चों को साइकिल उपलब्ध कराया जा रहा है। बीईईओ ने बताया कि पंडवा से 776 बच्चों की सूची जिला को भेजी गई थी। जिसमें अभी 600 साइकिल प्राप्त हुआ है। जिसमें आज 280 बच्चों के बीच साइकिल बांटी गयी। मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी पूजा रानी, खुशी कुमारी, शिक्षक नेता रामानुज प्रसाद, लेखपाल जयप्रकाश ठाकुर, शिक्षक अभय तिवारी, पंकज कुमार, अनिल सिन्हा, ओमप्रकाश सिंह, सुभाष चंद्र ओझा, संजय मेहता, सतेंद्र मेहता, इंद्रजीत कुमार भी मौजूद थे।

### सिविल सर्जन ने हरिहरगंज सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश



**हरिहरगंज, पलामू।** पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने सोमवार को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने को लेकर सिविल सर्जन ने सीएचसी केंद्र में चिकित्सकों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल को बेहतर बनाने एवं लोगों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा देने को लेकर तत्पर है। बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने महिला चिकित्सक व सर्जन की पदस्थापना की मांग की। मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश कुशवाहा, डॉ गोपाल प्रसाद, बीपीएम संजय कुमार सिंह एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित लाभुकों का बना आयुष्मान कार्ड



**पाटन पलामू।** पंचायत सचिवालय किशुनपुर में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित 45 लाभुकों का ई केवाईसी से आयुष्मान कार्ड बना। मौके पर मुखिया सुमन गुप्ता, स्वास्थ सहिया सुमन तिवारी, संध्या उपाध्याय, सुशीला देवी, संजू देवी, चिंता देवी, चंदा देवी उपस्थित थे। प्रज्ञा केंद्र संचालक लव सोनी ने लाभुकों का कार्ड बनाया।

### फर्जी एलपीसी मामले की जांच हो : कमेश



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक सिंह को जेल भेजना एक साजिश का हिस्सा है। उक्त बातें सोमवार को कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए भाकपा माले के नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो, राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम, झामुमो प्रखंड सचिव मुस्ताक अहमद, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के पाटन प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक सिंह चेरो ने कही। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि नीलांबर पितांबरपुर अंचल में लगातार धांधली हो रही है लेकिन एलपीसी के मामले में दीपक को जेल भेजना एक निंदनीय है। इन्होंने कहा कि एलपीसी तैयार करने का कार्य पहले ऑफलाइन होता है पहले काम राजस्व कर्मचारी, दूसरा अंचल निरीक्षक, तीसरा अंचल अधिकारी का होता है। इसके बाद कंप्यूटर ऑपरेटर के पास ऑनलाइन के लिए आता है लेकिन जान-बूझकर अनुबंध पर काम करने वाले ऑपरेटर को फंसाया गया हैं। इन्होंने कहा कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करायी जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। यह काम बड़े अधिकारियों का और गाज छोटे कर्मी पर गिराया जा रहा है। दीपक कुमार सिंह इकलौता कमाने वाले व्यक्ति को बिना मतलब के अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल और अंचल निरीक्षक महेंद्र राम अपने बचने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर को बली का बकरा बनाया गया है।

# झारखंड सरकार ने मेरे साथ धोखा किया : कमलेश सिंह

■ झूठी चंपई सरकार राज्य की जनता को भ्रम में डाल रही : सूर्या सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता में जानकारी देते पूर्व मंत्री सह विधायक कमलेश सिंह व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह हमीदगंज स्थित आवास पर प्रेस वार्ता कर कहा कि एनडीए की सरकार अपने कार्य के आधार पर जनता के बीच जाकर जनादेश मांगती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश आजादी के बाद जनहित में जो काम किया गया है उसे पूरा देश देख रहा है। देश के इतिहास में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं पूरे विश्व में अपनी अमिट छाप छोड़े हैं जिसका पूरा विश्व लोहा मानती है। एनडीए के सभी घटक दल एकजुट होकर देशहित में कार्य करते हैं उसी का परिणाम है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के लाख कोशिशों के बावजूद जनता ने एनडीए पर विश्वास जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः सरकार बनाने का मौका दिया। झारखंड में नौ लोकसभा सीट पर राज्य की जनता ने एनडीए गठबंधन पर विश्वास जताते हुए अपना मत दिया है। झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार ने मेरे साथ विश्वासघात किया है। जिसके परिणामस्वरूप मैं अपना समर्थन राज्य सरकार से लिया। श्री सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन हुसैनाबाद को जिला बनाने का आश्वासन दिया था। इस शर्त पर मैंने अपना समर्थन दिया था। लेकिन जब हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग की, तो वे मुकर गये। यह सरकार विश्वासघाती सरकार है।

युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि झारखंड के चंपई सोरेन सरकार पूरी तरह से झूठी है। वह जनता के बीच झूठा आश्वासन देकर भ्रम में डालने का काम कर रही है। आनेवाले समय में झारखंड की जनता विधानसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देने के लिए आतूर है। लोकसभा की भांति ही विधानसभा का चुनाव भी एनडीए गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी और झारखंड में 65 से 70 सीट एनडीए गठबंधन दलों को आयेगा। इंडिया गठबंधन के लोग राज्य की जनता से छल प्रपंच कर लोकसभा में मत मांगा लेकिन यह गठबंधन किसी ठगी करनेवालों से कम नहीं है। मौके पर अजीत सिंह, रौनक सिंह व अन्य लोग शामिल थे।

# पलामू सांसद बीडी राम ने तीसरी बार ग्रहण की लोकसभा सदस्यता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बीडी राम, पलामू लोकसभा सांसद।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने तीसरी बार 18वीं लोकसभा के संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के बाद सांसद श्री राम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सांसद ने मौके पर पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे लगातार तीसरी बार पलामू एवं गढ़वा की जनता ने अपना आशीर्वाद एवं समर्थन देकर भारी मतों से जिताया है तथा जनता की सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में अधूरे कार्यों को पूरा किया जायेगा। कहा कि हर हाल में पलामू संसदीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जायेगा। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने का प्रयास करेंगे। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

## सर्वेश्वरी समूह और अघोर पंथ के महान विभूति व संत थे सुधीर भैया

# प्रयागराज आश्रम में हुई समाधि

■ सुधीर भैया के जन्मस्थल रेहला में सैकड़ों प्रेरणार्थी

■ जनसामान्य लोग और नगरवासियों ने श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



■ कई इलाकाई विशिष्टजन, परिजन, छात्र जीवन के सहपाठी और प्रेरणार्थी ने उनके साथ बिताये पल और संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रम में शामिल होने के अपने संस्मरण और बिताये समय को साझा किया। प्रेरणार्थियों ने अपने प्रेरणाश्रोत पूज्य पाद अघोरेश्वर भगवान राम जी की तरह शिष्य संत सुधीर भैया जी की 53 वर्ष की आयु में समान रूप से सांसारिक बंधन मुक्त होकर समाधि होने को विलक्षण संयोग बताये। देवस्थल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में भैया जी की छाया चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उपस्थित जनसमुदाय ने नमन किये।

**विश्रामपुर पलामू।** सर्वेश्वरी समूह और अघोर पंथ के महान विभूति व संत सुधीर भैया जी के गंगा दशहरा उत्सव के उपरांत महप्रयाण के बाद ज्येष्ठ पूर्णिमा पर शनिवार प्रातः प्रयागराज स्थित उनके कर्मस्थली, प्रेरणा परमार्थ आश्रम में परंपरागत तरीके से उनकी समाधि हुई। रविवार संध्या में स्थानीय नगर परिषद अंतर्गत उनके जन्मस्थल रेहला में सैकड़ो प्रेरणार्थी और जनसामान्य लोग और नगरवासियों ने सिद्धपीठ श्री योगीबीर देवस्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि देकर सामूहिक रूप से दो मिनट का मौन रखा। इस क्रम में लंबी चली श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित खास और आम वक्ताओं ने संत सुधीर भैया जी के महामानव स्वरूप, उनके उद्दात गुणों, सतत सेवाभाव, सामान्य और सादगी भरे जीवन जीने की सीख के बखान किए।वहीं विगत तीन दशक से भी अधिक समय से उनके द्वारा चलाए जा रहे मानव मात्र के कल्याण, अभावग्रस्त की मदद और उनके उत्थान, निर्धन की बेटियों के हाथ पीले करने, पेड़ पौधे का रोपण कर हरियाली तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को बढ़ावा देने, सनातन धर्म का पालन और रक्षा के लिए सतत प्रयासों को जनसमूह ने सामूहिक रूप से जारी रखने के संकल्प लिये। साथ ही संत जी के निष्काम, निष्कलंक जीवन जीने की पद्धति के पालन के संकल्प लिये।

# घरेलू विवाद में पिता की गर्दन टांगी से काटा, मौके पर ही मौत, गया जेल

■ पुलिस कर रही है हत्या के कारणों की जांच-पड़ताल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार पिता का हत्यारा मुबारक।

**विश्रामपुर पलामू।** पिता पुत्र के साथ हुए आपसी विवाद में बेटे ने अपने पिता को टांगी से हमला कर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते हीं नावाडीह ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, हत्या के आरोपी मुबारक को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ओपी प्रभारी सब इंस्पेक्टर राज्यवर्धन ने बताया कि शनिवार को पिता नान्हु मियां व पुत्र मुबारक के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था।

इस झगड़े के कारण मुबारक के मन में इतना दर्द पैदा हो गया कि उसने रविवार को अपने पिता की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक नान्हु मियां पांडु थाना क्षेत्र के मुसिखाप के रहने वाले थे। रविवार को गांव के नदी के किनारे मवेशी चरा रहा थे। नान्हु एक पेड़ के नीचे बैठकर रस्सी तैयार कर रहा था। तभी बेटा मुबारक मौके पर पहुंचा व लगातार टांगी से हमला कर दिया। जिसमें घटना स्थल पर हीं नान्हु मियां की मौत हो गई। इधर घटना को अंजाम देने के बाद मुबारक आराम से टांगी लिए वापस अपने घर आ गया। जहां अपना कपड़ा को बदल लिया। कपड़े बदलने के बाद उसने स्वयं घटना की जानकारी अपने परिजनों को देते हुए हत्या की बात कही। वहीं परिजन व स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। जहां नान्हु मियां का शव पड़ा हुआ देखा। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी नावाडीह ओपी सहित विश्रामपुर थाना को दी। नावाडीह ओपी पुलिस ने मुबारक को गिरफ्तार कर लिया। साथ हीं उससे पूछताछ करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला थाना की पहल पर शादी के बंधन में बंध गये प्रेमी युगल, गवाह बनीं महिला थाना प्रभारी

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद महिला एवं बाल सरंक्षण थाना हुसैनाबाद के पहल से दो प्रेमी युगल आपसी रजामंदी से शादी के बंधन में बंधे। इस आदर्श शादी की प्रक्रिया महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी के अथक प्रयास से संभव हो सका है। जिसके बाद दोनों प्रेमी युगल शादी के बाद महिला थाना प्रभारी को धन्यवाद दिया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। जानकारी अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कजरात निवासी धर्मेंद्र राम के पुत्र राजू राम एवं पड़ोसी राज्य बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंगिया निवासी गणेश राम की पुत्री पूनम कुमारी एक दूसरे से चार वर्षों से प्रेम करते थे।





लड़की के माता-पिता पूनम की शादी कहीं दूसरे स्थान पर सेट कर दिये थे। जिसके बाद प्रेमिका ने इसकी सूचना अपने प्रेमी राजू को दी एवं साथ जीने मरने के वादा किये। जिसकी भनक लड़की के घरवालों को लग गयी और वे लड़की पर दबाव बनाया कि तुम्हारी शादी दूसरे जगह होगी। वहीं लड़का लड़की का प्रेम संबंध काफी गहरा था, जिसके बाद लड़का के घर वाले और सगे संबंधी लोग तैयार हो गये, लेकिन लड़की के घर वाले जिद पर अड़े रहे और उल्टा लड़का को धमकाने लगे, लड़का ने खुद महिला थाना में जान माल और प्रेमिका की सुरक्षा की फरियाद की। महिला थाना प्रभारी पार्वती ने तत्काल एक्शन लेते हुए दोनों पक्षों को थाना बुलाया और अनुसंधान में पाया कि प्रेमी जोड़े बालिक हैं और कानूनी रुप से दोनों शादी के योग्य हैं जिसके बाद दोनों पक्षों को समझाया बुझाया। जिसके बाद उनके प्रेम के आगे सब को झुकना पड़ा और दोनों की प्रेम को अमर कथा की बंधन में बंधने का आदेश दिया गया। काफी मान मनव्वल के बाद लड़की के माता पिता और रिश्तेदार भी तैयार हो गये जिन्हें अगले दिन हैदरनगर मंदिर में दोनों के रिश्तेदार ढोल बाजा के साथ शादी करायी गयी। कानून के मंदिर व देवी से आशीर्वाद लेने हुसैनाबाद थाना पंहुचे जहां थाना प्रभारी ने दोनों को आशीर्वाद दिया एवं थाना में मिठाई बांटी गयी। इधर, थाना प्रभारी पार्वती व महिला थाना में इस दृश्य को देखने के लिए कई लोग शामिल हुए और इस सकारात्मक पहल के लिए थाना प्रभारी को लोगों ने बधाई दी।

### सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने किया योगाभ्यास



**पाटन पलामू।** हिसरा बरवाडीह स्थित सरस्वती विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने योगाभ्यास किया। स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को योग के महत्व, योग के कई आयामों को बताया। शिक्षकों ने कहा कि नियमित योग करने से कई बीमारी स्वतः दूर हो जाती है। मौके पर स्कूल के निदेशक बहादुर मेहता, प्राचार्य अनुज मेहता, शिक्षक बादल मेहता, ललित सिंह, अमित, राकेश कुमार, आकाश कुमार, शिक्षिका रीमा, मधु कुमारी, शिब्या कुमारी शामिल थे।

### एसडीओ ने सीओ के साथ की बैठक



**सतबरवा, पलामू।** सतबरवा सीओ के कक्ष में सोमवार को 15 रैयतों के साथ भूमि समाहर्ता तथा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी कुमुदिनी टूडू और सदर एसडीओ अनुराग तिवारी ने बैठक की। एडिशनल कलेक्टर कुंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने बताया कि रैयत के साथ फोरलेन सड़क में जमीन अधिग्रहण को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई है। जिन रैयत को समस्या है वह आर्बिट्रेशन में आकर अपना पक्ष रखेंगे। समिति अध्यक्ष संत मेहता, महासचिव संजय यादव ने बताया कि 25 जून को रैयत संघर्ष समिति बैठक रखी है। बैठक में निर्णय लेने के बाद कुछ बताया जायेगा। मौके पर सुभाष चंद्र बोस, विजय मेहता, निर्मल सिंह, पीतांबर यादव, जितेंद्र चौधरी, अविनाश कुमार, संजय चौधरी, जयनाथ साहू, जगन्नाथ लाल, धर्मवीर प्रसाद, बकोरिया और ठेमा गांव के ग्राम प्रधान बिगन सिंह खरवार, बेचन मुंडा, जलील मियां भी थे।

### जिसके समय फर्जी एलपीसी का खेल हुआ उसी को जांच अधिकारी बनाना गलत है: मुखिया संघ



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू (अवध किशोर राय राजू)।** अंचल कार्यालय में फर्जी एलपीसी मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक ओर तत्कालीन अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के द्वारा लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी, जिसमें तीन कंप्यूटर ऑपरेटर को आरोपी बनाया गया। वहीं दूसरी ओर मुखिया संघ ने आज प्रेस वार्ता कर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंदीप मेहता ने कहा कि जिस प्रकार अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। आए दिन प्रतिदिन एक से एक नया मामला आ रहा है। मुखिया संघ नीलांबर पितांबरपुर के द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार फर्जी एलपीसी बनाकर जमीन खरीद बिक्री की जा रही है जिसकी जांच उच्च अधिकारियों से कराया जाये ताकि दोषी फंसे नहीं और निर्दोष बचे नहीं।

### योग्य और वंचित लोगों को शीघ्र मिलेगा शहरी आवास : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के शहरी आवास योजना से वंचित 72 लाभुकों ने रविवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच कर बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया से मुलाकात की। पूर्व विधायक ने कार्यपालक पदाधिकारी को वंचितों की परेशानी से अवगत कराते हुए उनसभी को आवास योजना का लाभ देने की मांग की। वही बीडीओ ने आश्वासन दिया की जांचोपरांत वंचित योग्य लाभुकों को शहरी आवास योजना का लाभ मिलेगा। मालूम हो कि शहरी आवास योजना के तहत 842 लाभुकों का चयन किया गया था। जिसमें विभिन्न आरोपों के कारण 212 लाभुकों का चयन निरस्त कर दिया गया था।

### आमसभा आज

**पाटन पलामू।** बाल विकास परियोजना द्वारा पाटन प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका व सहायिका के चयन को लेकर आमसभा 25 जून को रखी गयी है। सिक्की कला वन, मेराल टू व सेमरी टू आंगनबाड़ी केंद्र में रिक्त पद पर सेविका व सहायिका चयन आमसभा से मंगलवार को किया जायेगा।

### कुआं से शव बरामद

**छत्तरपुर, पलामू।** थाना अंतर्गत ग्राम मदनपुर के विदास टोला में एक युवक का कुएं में तैरता हुआ शव मिला। सूचना मिलते के बाद छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कुएं से बाहर निकाला और शव कों कब्जे मे लिया। मृतक की पहचान अरविंद कुमार के रूप में की गई है. ग्रामीणो ने बताया की युवक सुबह सुबह घर से निकला था। बताया जा रहा है कि युवक का दिमागी संतुलन कई दिनों से ठीक नहीं था।

### बीडीओ ने किया घासीदाग पंचायत में संचालित योजनाओं का निरीक्षण

■ पंचायत सेवक व रोजगार सेवक को लगायी फटकार

■ कार्य पद्धति में सुधार लाने का दिया नसीहत

■ हर सप्ताह अलग पंचायत का होगा ग्रुप विजिट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर बीडीओ सह सीओ चंद्रदेव प्रसाद प्रखंड टीम के साथ घासीदास पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। जहां चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। मुखिया, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक से योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उसकी उपयोगिता को भी जाना। पंचायत क्षेत्र में चल रहे प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास का भी स्थलीय निरीक्षण करते भौतिक सत्यापन किया। लाभुक को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। जो पैसे लेने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किये, उन्हें एक सप्ताह में फाउंडेशन आदि का कार्य पूरा करने का भी निर्देश दिया।

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

# वैश्य समाज के उत्थान के लिए 51 महिलाओं को सिलाई मशीन देंगे प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते वैश्य महासम्मेलन के पदधारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन पलामू जिला इकाई के पदाधिकारियों की बैठक हेरिटेज जैनी किड्स स्कूल में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रभात अग्रवाल ने की और संचालन राजेश कुमार गुप्ता ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से वैश्य महासम्मेलन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, प्रदेश संगठन महामंत्री अरविंद गुप्ता मौजूद थे। अरविन्द ने कहा कि चार अगस्त को वैश्य समाज की विशाल जन सभा आयोजित की जायेगी। पलामू जिला के सभी प्रखंडों के लोगों का जुटान उसमें होगा। बैठक में वैश्य सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने वैश्य समाज के उत्थान के लिए 51 महिलाओं को सिलाई मशीन, समाज के गरीब बच्चों को छात्रवृति प्रदान करने वादा किया। बैठक में प्रो जुगल किशोर, राजहंस अग्रवाल, जुगल किशोर शरण, सुनील गुप्ता, अरुण कुमार, प्रदीप बाबुल, रंजन अग्रवाल, लाल बाबु, दिनेश गुप्ता, रविशंकर, शक्ति गुप्ता, पाटन प्रमुख, अरुण गुप्ता, पप्पु लाठ, चिंटू गुप्ता, सुरयमल कुमार, बिनोद गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, आनंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, बिरजू गुप्ता, मनीष अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डन करती है मनमानी : अध्यक्ष

■ वार्डन ने कहा- आरोप निराधार और पूर्वाग्रह से ग्रसित है...

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देतीं महिलाएं।

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड के लैचुडीह ग्राम स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्षा कौशल्या देवी ने वार्डन मौसमी रंजन पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि मसूरिया गांव की खुशी कुमारी, सोनम कुमारी, अंजू कुमारी, गुड्डी कुमारी सहित कई मैट्रिक पास छात्राएं विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए चक्कर लगा रही है। परंतु वार्डन के विद्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण छात्राओं को स्थानांतरण प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। एसएमसी अध्यक्षा ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के बाद से वार्डन विद्यालय नहीं आई है। उनका क्रियाकलाप बेहद निंदनीय है। पिछले कई माह से एसएमसी की एक भी बैठक नहीं हुई है। साथ ही विद्यालय संचालन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी एसएमसी सदस्यों को नहीं दी जाती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में रहने वाले छात्राओं को मीनू के अनुसार खाना नहीं मिलता है। कभी-कभी तो छात्राओं को पानी नमक भात खाकर रहना पड़ता है। अभिभावकों की शिकायत पर इस संबंध में जब वार्डन से पूछताछ करने का प्रयास करने पर एसएमसी अध्यक्ष होने के बावजूद मुझे विद्यालय में जाने से रोक दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वार्डन की मनमानी को लेकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों द्वारा अबतक चार आवेदन विभागीय उच्चाधिकारी को दी जा चुकी है। परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उधर इस संबंध में पूछे जाने पर वार्डन मौसमी रंजन ने दूरभाष पर उक्त आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर इस तरह का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कौशल्या देवी एसएमसी की अध्यक्ष नहीं है।

# डीवीसी चंदपुरा प्रबंधन द्वारा एक हजार पौधरोपण का कार्य प्रारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और ईएम एंड पीसी विभाग द्वारा यहां के ऐश पौंड के पास एक हजार पौधा रोपण का कार्य सोमवार को आरंभ हो गया। पौधारोपण कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ जीएम व परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने सोमवार को किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के संबोधन में ठाकुर ने उपस्थित लोगों से कहा कि पौधा संरक्षण का दायित्व हम सभी का है। पौधा संरक्षण से हम सभी का जीवन सुरक्षित रहता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए डीवीसी और हम सभी कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन का संरक्षण कर हम सभी अपने जीवन के साथ साथ आने वाली पीढ़ी को भी सुरक्षित रखने में कामयाब होंगे। चंद्रपुरा के ऐश पौंड स्थित रिकवरी पंप के पास डीवीसी के पर्यावरण प्रबंधन एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा पौधा रोपण का कार्य आरंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश साह वरिष्ठ जीएम एचआर डीसी पांडेय जीएम अविजीत घोष डीजीएम प्रशासन दिलीप कुमार डीजीएम राजीव रंजन वरिष्ठ प्रबंधक सत्येंद्र कुमार कंचन स्मिता टोप्पो राजकुमार चौधरी बद्री नारायण अक्षय कुमार राम दिनेश शर्मा राकेश शर्मा अशोक सिंह रंजीत ठाकुर गगन भारती अशोक झा आदि शामिल थे।

# साहिबगंज : कांग्रेसियों ने जलाया शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** बरहरवा स्टेशन चौक में जिला अध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में कांग्रेस परिवार के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागणों ने नीट प्रश्न पेपर लीक होने के विरोध में बरहरवा स्टेशन चौक में केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। जिला अध्यक्ष बरकत खान ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुये है भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है भारत के होनहार छात्र दिन रात मेहनत कर पढ़ाई कर रहे हैं एवं उनके माता पिता कष्ट कर बच्चों को पढ़ा रहे हैं बार बार प्रश्न पत्र लीक होने से छात्रो का भविष्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है। कांग्रेस पार्टी छात्रों के भाविष्य के साथ खेलवाड़ होने नही देगी बरकत खान ने कहा कि पेपर लीक मामले में देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब ईस्तीफा देनी चाहिए और नीट का परीक्षा रद्द करनी चाहिए। विरोध मार्च में जिला महासचिव भोला महतो, हीरा लाल साह मिथुन मंडल, स्वास्थ्य विभाग के प्रदेश सचिव संतोष झा, सहकारिता विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहनवाज नसीर, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, पतना प्रखण्ड अध्यक्ष परवेज आलम, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी अनंत लाल भगत, प्रखण्ड महासचिव नितार्य सरकार, नगर अध्यक्ष मनोज घोष, एनएसयूआइ के प्रदेश चेयर मेन थॉमस रॉबर्ट, नगर उपाध्यक्ष छोटे लाल रमानी, हरिवंश कुशवाहा, अर्जुन रविदास, आलमगीर मंसूरी, अहमद, बबलू यादव एवं लोकनाथ घोष साहित दर्जनों कांग्रेसी गण मौजूद रहे।

## एक नजर में

### क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय सिंह रीजनल उपाध्यक्ष व सचिव विल्सन फ्रांसिस बने सीसीएल सचिव





बेरमो। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन सीसीएल इकाई की रीजनल समिति की सूची जारी की गई है। जिसमें कथारा क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह रीजनल उपाध्यक्ष क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस सीसीएल सचिव बनाए गए। रीजनल समिति में कथारा से जुड़े पदाधिकारी में रीजनल समिति में वरीय उपाध्यक्ष अंजनी त्रिपाठी सीसीएल सचिव अवधेश कुमार सिंह और प्रमोद कुमार सिंह संगठन सचिव वेदव्यास चौबे, हंसराज प्रसाद, रंजय कुमार सिंह, गुरनाम सिंह, एच अधिकारी, शिवपूजन सिंह कार्य समिति में राजेश शर्मा, मोहम्मद सनाउल्लाह, सूर्यकांत त्रिपाठी शामिल है। रीजनल समिति की सूची में कथारा क्षेत्र से जुड़े संगठन के साथियों को रीजनल समिति में शामिल किए जाने पर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व विधायक अनूप सिंह का आभार जताया है। साथ ही मनोनीत पदाधिकारी को यूनियन से जुड़े सदस्य दयाल यादव, मो आशिक, चंद्रशेखर प्रसाद, महम्मुद अंसारी, मंसूर खान, देवाशीष आश, नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रवीण कुमार सिंह, संतोष सिंह, सुजीत मिश्रा, अमनदीप सिंह, नसीम अख्तर, गणेश महतो, रामकुमार मिश्र, बिंदुचंद हेंब्रम, रवि कुमार, अर्जुन चौहान, भीखम कुमार, भुनेश्वर रवानी, अनीश कुमार, शैलेंद्र मुरमुर, आनंद मांझी, आदित्य उपाध्याय, अर्जुन चौहान, विजय नायक, पंचराम पिंटू राय, संतोष राम गोड, राजू दास कांग्रेस पार्टी से जुड़े विजय यादव, मुकेश गिरी, लकी सिंह राजेंद्र वर्मा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### दुमका : महंगे मोबाइल की चाहत में गार्ड के बेटे ने फांसी लगा की आत्महत्या



दुमका। महंगे और एंड्राइड फोन और आईफोन की चाहत युवाओं को न केवल अपराध के दलदल में धकेल रहा है, बल्कि चाहत पूरी नहीं होने पर युवा अपनी जान तक दे दे रहे है। ऐसा ही हैरान करने वाला एक मामला उपराजधानी दुमका के नगर थाना क्षेत्र के दुधानी मुहल्ला से सामने आया है। जहां रविवार की रात अमन सिंह नामक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। दरअसल अमन अपने पिता से महंगे मोबाइल की मांग कर रहा था। इस बात को लेकर देर रात अमन का अपने परिवार वालों से विवाद भी हुआ था। आवेश में आकर अमन ने अपने कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर झूल गया। परिवार वालों को संदेह होने पर दरवाजा तोड़कर अमन को लेकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ऐसे में अब सवाल उठता है कि आखिर आज की युवा पीढ़ी की सोच और चाहत को क्या हो गयी है। अमन दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। अमन के पिता एक वाहन के शोरूम में गार्ड के रूप में कार्य करते हुए किसी तरह परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। इस उम्मीद में कि जब बड़े होकर दोनों बेटे बुढापा का सहारा बनेंगा। लेकिन सहारा बनने के बजाय अमन परिवार को बेसहारा छोड़ कर चला गया। उसने ऐसा जख्म दिया जिसकी टीस माता-पिता के दिल में ताउम्र उठती रहेगी। काश! ऐसा कदम उठाने से पहले अमन एक बार सोचा होता कि जीवन मे महंगा फोन ही सब कुछ नहीं।

### बोकारो : रोटरी गवर्नर ने चास रोटरी के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



बोकारो। रोटरी मंडल 3250 के सत्र 23-24 के रोटरी गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने संपूर्ण मंडल के सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर मंडल के क्लब और रोटरी सदस्यों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। जमशेदपुर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिष्ठापक गवर्नर अप्रिशिएसन का अवार्ड चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद को मिला। अध्यक्ष पूजा बैद ने अपने साथी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों के उल्लास के साथ इन पुरस्कारों और सम्मान को ग्रहण किया। गौरतलब है कि मंडल 3250 की विभिन्न रोटरी क्लबों को विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों को पूर्ण करने पर सत्र के अंत में उनके सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर उन्हें सम्मानित किया जाता है। रोटरी मंडल 3250 के सत्र 3250 के गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने मानवीय सेवा कार्यों के लिए रोटरी क्लब चास की भूरि भूरि प्रशंसा की। मौके पर अध्यक्ष पूजा बैद सचिव डिंपल कौर कोषाध्यक्ष विनोद चोपड़ा सहित नरेंद्र सिंह मुकेश अग्रवाल मंजीत सिंह रितु अग्रवाल माधुरी सिंह संजय बैद आदि उपस्थित थे।

### कसमार में हजारीबाग की 36 किशोरियों ने किया एक्सपोजर विजिट



बोकारो/कसमार। बोकारो जिले में सहयोगिनी द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान को समझने के लिए हजारीबाग की महिला मुक्ति संस्था की किशोरियां एक्सपोजर विजिट के तहत कसमार पहुंची। एक्सपोजर विजिट के दौरान किशोरियों ने सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह को रोकने को लेकर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी प्रखंड के धधकिया गांव में आयोजित समारोह में प्राप्त की। इस दौरान किशोरियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह से होने वाली समस्या एवं उसके प्रभाव की जानकारी दी। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि किशोरियां बाल विवाह तथा सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए गांवों में हो रही बाल विवाह का खुलकर विरोध करना शुरू कर दी है। महिला मुक्ति संस्था की सचिव देवयानी वर्मा ने कहा कि संस्था के द्वारा हजारीबाग की इचाक प्रखंड में किशोरियों द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर के सतत प्रयास किया जा रहा है जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। मौके पर सहयोगिनी की कुमारी किरण सूरज मणि देवी मंजू देवी निक्की कुमारी पूनम कुमारी महिला मुक्ति संस्था की लीला देवी ज्योति मिर्धा काजल कुमारी प्रियंका कुमारी, गुनगुन कुमारी पम्मी खातून प्रेरणा कुमारी नैना कुमारी रवि कुमार चंदन कुमार तथा गौतम सागर उपस्थित थे।

### साहिबगंज : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान



साहिबगंज। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन के निर्देशा पर बाल संरक्षण इकाई, मंथन एवं एक्स आई एस के द्वारा पुरानी साहिबगंज हाई स्कूल एवं नगर पालिका बालिका हाई स्कूल में बच्चों के बीच नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित कर बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में बच्चों के बीच विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं उन्होंने मौके पर नशा न करने की शपथ दिलाते हुए साहिबगंज जिले को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया। वही मंथन समन्वयक शिव प्रसाद ओझा ने इन दिनों शहर में चल रहे नशे के प्रकार, नशा एक बीमारी है, नशे की बीमारी से मुक्ति, नशे के बारे में पैदा हुई गलत धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने बारे लोगों को जागरूक किया गया। नशे पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, नशा भी छोड़ा जा सकता है, इसके लिए दृढ़ संकल्प लेना जरुरी है। व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर नशे की शुरूआत करता है, लेकिन बाद में यह आदत में शुमार हो जाता है जिससे पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाता है। मौके पर बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य, मंथन के सदस्य, एक्सआईएस के सदस्य मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### रक्तवीर परिवार व अन्य संस्थाओं ने लगाया रक्तदान शिविर



बोकारो। बारी कोऑपरेटिव स्थित अपना लाइब्रेरी दी अचीवर्स एकेडमी रितुडीह एवं दी लाइब्रेरी रितुडीह और बोकारो रक्तवीर परिवार के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी नवयुवक और नवयुवतियों का पहला रक्तदान था। इस शिविर के मुख्य अतिथि माराफारी थाना प्रभारी कमल किशोर मौर्य ने रक्तदान कर शुरूआत की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है बल्कि फायदा ही होता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए संस्था के निदेशकों के प्रति आभार जताया। मौके पर संस्था के निदेशक सुधीर कुमार सुशील कुमार एवं सोनी कुमारी ने भी अपने विचार रखे। शिविर में संस्था के 25 यूनिट रक्त संग्रह इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लड बैंक द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में ब्लड सेंटर के संजय शर्मा विनय कुमार रंजन कुमार चुरामन विकास आदि की अहम भूमिका रही।

### कथारा क्षेत्र में क्षेत्रिय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



बेरमो/कथारा। सोमवार को कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्रिय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्रिय सलाहकार समिति के सदस्यों, परियोजना अधिकारियों और विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें समग्र वार्षिक रखरखाव अनुबंध, संवेदनशील स्थानांतरण, चुनावों के दौरान तैनात कर्मचारियों के लिए रविवार भुगतान, सेवानिवृत कर्मचारियों के बकाया राशि के भुगतान, ओवरबर्डन डंप पर वृक्षारोपण और महाप्रबंधक कार्यालय के सामने नेहरू पार्क का पुनरुद्धार शामिल थे। इसके अलावा, आउटसोर्सिंग अनुबंधों में स्थानीय लोगों की तैनाती पर भी चर्चा की गई। जारंगडीह खदान के विस्तारण के लिए टाटा ब्लॉक शिफ्टिंग पर कार्य किया जा रहा है। महाप्रबंधक संजय कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सभी मुद्दों को गंभीरता से ले रहे हैं और क्षेत्र की समृद्धि और कर्मचारियों के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमारा मुख्य उद्देश्य है कि उत्पादन और सुरक्षा के साथ-साथ कर्मचारियों की संतुष्टि भी सुनिश्चित हो। बैठक का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ।

### भाजपाइयों ने पं श्यामा मुखर्जी के विचारों पर चलने का लिया संकल्प



बोकारो/कसमार। भाजपा कार्यालय कसमार में प्रखर राष्ट्रवादी भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मंडल अध्यक्ष राजेश पांडेय के अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें उपस्थित सभी ने श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सह बोकारो जिला 20 सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, महामंत्री परमेश्वर नायक, भवानी मुखर्जी, प्रताप सिंह, मध्येंदु शेखर मुखर्जी, अजय पाल संजय पांडे एवं मोहित कुमार समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# गोड्डा सदर अस्पताल मे मरीजों से अवैध वसूली पर प्रशासन की चुप्पी से हैरान है क्षेत्र की जनता

चिकित्सक के लिखें दवा बहुत कम उपलब्ध होते हैं, कुछ होते हैं जो सस्ती दवाइयां होती हैं और मंहगी दवाइयों के लिए निजी मेडिकल स्टोर पर ही निर्भरता या जांच के लिए निजी पैथीलॉजी पर ही विश्वस्नीयता बनी रहती है

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** इन दिनों एक विडीओ सोशल मिडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है, जो सदर अस्पताल गोड्डा का बताया जा रहा है। इस विडीओ मे दिखाई दे रहा है कि इंजेक्शन लगाने के मरीजों से रुपए लिए जा रहे हैं। विडीओ बनाने वाले ने बड़ी कुशलता से वीडियोग्राफी कर इस घटना का खुलासा किया है।

ये कारोबार कोई पहली घटना नहीं है ये परम्परा बन चुकी है। चिकित्सक ड्यूटी से गायब होकर अपने निजी क्लिनिक मे पहुंच जाते हैं और मरीजों कि चिकित्सा मे व्यस्त हो जाते हैं। अस्पताल मे कोई निरीक्षण होता है उसके पहले सब उपस्थित हो जाते हैं। पहले चिकित्सकों कि कमी का रोना रहता था लेकिन अब चिकित्स्क भी पर्याप्त संख्या मे उयलब्ध हैं। काउंटर पर निबंधन करा के 5 रुपया का रसीद कटा कर सम्बंधित विभाग के चिकित्सक के पास जांच कराते हैं। चिकित्सक के लिखें दवा बहुत कम उपलब्ध होते हैं कुछ होते हैं जो सस्ती दवाइयां होती हैं और मंहगी दवाइयों के लिए निजी मेडिकल स्टोर पर ही निर्भरता या जांच के लिए निजी पैथीलॉजी पर ही विश्वस्नीयता बनी रहती है। जनऔषध केंद्र इस बीच लापता रहता है, जहां सरकारी दावे होते हैं दवा सस्ते मे उपलब्ध होती है। चिकित्सक उनका पता तक नहीं देते या मरीजों को कोई सुचना नहीं मिलती कि दवा सरकार द्वारा सस्ती जेनरिक दवाइयां उपलब्ध करा रहीं है ये बीच कि कड़ी गायब है। हॉस्पिटल मे ही उस जन औषधि केंद्र कि दवाइयां का काउंटर क्यों नहीं खुलता जिससे मरीज जो दवा होस्पिटल मे नहीं उपलब्ध है वो उन जनओशधी केंद्र से सस्ते दामों पर दवाइयां खरीद सके। हॉस्पिटल अहाते के अंदर चाय बिस्किट कि दुकान से ज्यादा महत्वपूर्ण है जन ओशधी केंद्र का खुलना ये इस पर कौन कार्रवाई करेगा। सारे प्रेस मिडिया से जुड़े प्रचार माध्यम हॉस्पिटल से जुड़े हैं। जबकि कुछ तो दिन भर हॉस्पिटल को ही अपना सूचना केंद्र बना कर रखते हैं और यही कारण है कि अस्पताल के अंदर चल रहीं अवैध गतिविधियां प्रसाशन के पास या उच्च स्तरीय पदाधिकारियों के पास नहीं पहुंचती है। इस तरह कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने वाला कौन अधिकारी है। जबकि तृतीय और चतुर्थ वर्गीय स्टॉफ कि संख्या यहां अधिक है जो सिर्फ अपनी जीविका चला रहे होते हैं और जमके मनमानी भी करते हैं। विडिओ मे साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह मरीजों से पैसे लिए जा रहे हैं जिला प्रशासन को अविलम्ब सख्त और कठोर कानूनी कार्रवाई कर ऐसे गैर कानूनी कार्य करने वाले कर्मचारियों को सजा दिलाने का कार्य किया जाना चाहिए।

# भारतीय मजदूर संघ का जीएम ढोरी के साथ वार्ता संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सोमवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ढोरी क्षेत्र द्वारा कर्मचारियों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक रंजय सिन्हा के साथ भेंट कर आज बैठक की गई जिसमें मुख्य रूप से माइंस विस्तारीकरण उत्पादन तथा कर्मचारियों के ज्वलन्त समस्याओं से ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक को संगठन की ओर से विभिन्न मुद्दों पर अवगत कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से असैनिक विभाग तथा केन्द्रीय आस्पताल ढोरी के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें कर्मचारियों के आवास मरम्मत कॉलोनियों की गार्बेज नाला साफ-सफाई यूको पार्क, एपीपी, शुद्ध पेय जल केन्द्रीय आस्पताल ढोरी में डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड आदि विषयों से ढोरी महाप्रबंधक को भारतीय मजदूर संघ ढोरी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा अवगत कराया गया। बैठक में सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। चर्चा के उपरांत महाप्रबंधक ढोरी रंजय सिन्हा द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर संत सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप, क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह, ललन मल्लाह, सोमनाथ मिश्रा, शाहनवाज खान उपस्थित रहे।

# हंसडीहा में युवक को गोली मार हत्या के प्रयास में अपराधी गिरफ्तार, गया जेल

**भागने के दौरान अपराधी ने पुलिस टीम पर चलायी गोली, चार खोखा, एक जिंदा कारतूस एवं एक देशी पिस्टल बरामद**



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ एवं बरामद समाग्री।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** युवक को गोली मार फरार होने के दौरान पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाला अपराधी को हंसडीहा पुलिस धर दबोचने में सफल रही। पुलिस को यह सफलता घटना को अंजाम देने के महज कुछ घंटे के बाद पुलिस अपराधी को धर दबोचने में सफल रही। गिफ्तार अपराधी हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा गांव निवासी विक्रम मंडल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास पुलिस पुलिस एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक मोबाईल एवं एक बाईक जप्त करने में सफल रही। इसकी जानकारी एसडीपीओ, जरमुंडी संतोष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि युवक को गोली मार फरार होने के बाद अपराधी के पिछा करने के दौरान पुलिस दल पर फायरिंग किया। पुलिस चार खोखा बरामद करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधी का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। यहां बता दें कि जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के हथगढ़ मुहल्ले में रविवार की रात बाईक सवार नकाबपोश अपराधी ने एक युवक को गोली मार फरार होने में कामयाब हो गया था। गोली कांड में घायल युवक की पहचान विभाष चौधरी पिता स्व उमेश चौधरी के रूप में हुई है। विभाष अपने घर के बगल में खड़ा था। इसी दौरान नकाबपोश बदमाश ने सामने से जाकर उसे दो गोली मार फरार हो गया। हंसडीहा पुलिस विभाष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरैयाहाट ले गया। जहां प्राथमिक उपचार कर देवघर रेफर कर दिया था। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल युवक का भी अपराधिक इतिहास रहा है। पुसिल को यह सफलता थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में मिली। पुलिस अपराधी को सरवाधाम रेलवे पुलिस के पास गिरफ्तार करने में सफल रही।

# पाकुड़: कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध तरीके से आंगनबाड़ी का निर्माण, ग्रामीणों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** पाकुड़ प्रखंड के राहसपुर पंचायत क्षेत्र में मदरसा के पास अवेध तरीके से कब्रिस्तान के जमीन पर नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण हो रहा था। ग्रामीणों को सूचना मिलते ही निर्माण स्थल पर पहुंच कराया काम को बंद। वही इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया की यह जमीन कब्रस्थान का है और यह भवन निर्माण की जानकारी तक हम ग्रामीणों के पास नही है। पास में मदरसा है और इस जमीन पर कैसे नए भवन बन रहा है। वही इस मामले पर सीडीपीओ सबिता से पूछा गया तो उन्होंने बताई की टाटा कंपनी काम करती है और पुराने जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों को मरम्मत कर नए जैसा बनना है, लेकिन नए भवन की निर्माण की जानकारी उन्हे नही है। वही इस मामले पर कार्यस्थल पर कंपनी के कर्मी चंदन ने बताया की उन्हें स्थल के बारे में स्थानीय आंगनबाड़ी के सदस्य ने बताया था, उसी के कहने पर यहां विगत तीन दिनों से निर्माण कार्य चल रहा है। यह आंगनबाड़ी रेडीमेड जैसा बन रहा है, मतलब कभी भी जरूरत पड़ने पर इसे हटाया जा सके। यह अभी ट्रायल प्रोजेक्ट है जो जिले के डीसी के संज्ञान में भी है। अब स्थल को लेकर ग्रामीणों के विरोध पर फिलहाल कार्य बंद है, आगे ग्रामीणों ने बताया की इस मामले पर जिले के उपायुक्त से मुलाकात कर आवेदन भी दिया जायेगा। ग्रामीणों में हजरत अली, मो नजरूल, कोषाध्यक्ष मदरसा, शमीम अख्तर उप मुखिया, मुख्तार शेख, सह सचिव, मौलाना अबू ताहिर, सभापति, अब्दुल मनन, सचिव, मोतीकुल शेख सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# नशे के कारोबार व महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस होगी सख्त : आइजी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** संताल परगना में नशे के कारोबार एवं महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस एक्शन मोड में है। नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करने में जुट गईं है। इस बावत संताल परगना के पुलिस महानिरीक्षक के पद पर योगदान देने के बाद आईजी क्रांति कुमार गड़िदेशी ने कहा कि संताल परगना में नशे के सौदागरों को किसी सूरत में पांव पसारने नहीं देगी। मादक पदार्थो के खिलाफ पुलिस खास मुहिम चलाएगी। आईजी क्रांति कुमार ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में है। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर नकेल कसने के लिए बेहतर पुलिसिंग पर जोर दिया जाएगा। आईजी ने कहा कि संताल परगना में साइबर क्राइम भी एक चुनौती है। इसे रोकने के लिए पुलिस योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। उन्होंने कहा कि इंटर स्टेट क्राइम को रोकने के लिए बिहार और बंगाल के पुलिस से बेहतर तालमेल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान देवघर एवं बासुकीनाथधाम में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम होगा।

## 9 महीने के लिए 74 लाख 76 हजार में मेघातरी बस स्टैंड की हुई बंदोबस्ती

# लाठी-डंडे के बल पर होती है अवैध वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के मेघातरी पंचायत अंतर्गत एनएच पर संचालित बस स्टैंड की 2024-25 के लिए गुरूवार को बंदोबस्ती हुई। यह बंदोबस्ती सबसे अधिकतम बोली लगाने वाले मेघातरी निवासी पंकज रजवार के नाम हुई। उन्होंने कुल 74 लाख 76 हजार की बोली लगाई।

बंदोबस्ती को लेकर उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ऋतुराज एवं जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव की मौजूदगी में हुई।

**गाड़ी न सवारी, आमदनी में सब पर भारी :** कोडरमा स्थित मेघातरी बस पड़ाव राज्य में सर्वाधिक राजस्व देनेवाले चुनिंदा बस पड़ावों में शुमार हो गया है। वहीं गुरूवार को पड़ाव की बंदोबस्ती करीब 9 महीने के लिए 74 लाख 76 हजार में बंदोबस्ती हुई। वहीं जिले के झुमरीतिलैया व कोडरमा शहर में किसी भी स्टैंड की बंदोबस्ती अधिकतम 4-5 लाख हुआ करता है।

आसपास के जिले के बड़े बस पड़ाव में शुमार हजारीबाग जिला परिषद का बस पड़ाव, रामगढ़ छावनी परिषद का बस पड़ाव की



बात करें तो राजस्व के मामले में मेघातरी से काफी पीछे है। जबकि यहां से झारखंड समेत विभिन्न राज्यों के लिए दर्जनों बसें खुलती हैं। अब बात करते हैं मेघातरी बस स्टैंड की। इसकी स्थिति कोडरमा जिले के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र स्थित गांव मेघातरी में है। भौगोलिक स्थिति झारखंड-बिहार की सीमा है। बस पड़ाव के लिए जगह-एक इंच भी नहीं। पड़ाव की संरचना है दो चौकी के ऊपर से एक तिरपाल के टेंट, ना तो कोई बस यहां से खुलती है, ना ही रुकती है। साफ शब्दों में यह बस पड़ाव अजूबा है।

जहां पड़ाव के नाम पर एनएच-31 से गुजरनेवाली वाहनों से लाठी-डंडे के बल पर अवैध वसूली होती है। जिसके लिए लाइसेंस कोडरमा जिला परिषद् देता है। कोडरमा जिला परिषद का यह शैरात है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी मानते हैं कि यहां पड़ाव को कोई औचित्य नहीं है। जिले के पूर्व उपायुक्त संजीव बेसरा ने वर्ष 2017 में इस शैरात को रद्द के लिए सरकार को लिखा भी, कहा गया कि यहां स्टैंड का कोई औचित्य नहीं है। स्टैंड के नाम पर सिर्फ अवैध वसूली होती है। मगर सरकार के सामने आड़े आ गया राजस्व का मामला। संचिका वापस जिला प्रशासन को भेज कहा गया कि इस राजस्व के वैकल्पिक उपाय की तलाश की जाए, इसके बाद बात खत्म हो गई। पिछले दिनों स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली के आरोप में गिरफ्तार भी हुए थे। इन सबके बावजूद स्टैंड को बनाए रखना जिला प्रशासन की मजबूरी बन गई है।

## एक नजर में

### गिद्धौर प्रखंड में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड में सोमवार को मध्य विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं ने नशा मुक्ति अभियान चलाया। सुपरवाइजर ऊषा प्रसाद के नेतृत्व में निकाले गए इस अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र से निकलकर मुख्य चौक होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया। अभियान के दौरान नशीले पदार्थों की गैरकानूनी खेती, खरीद-बिक्री, उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन या उपयोग को दंडनीय अपराध बताया गया। साथ ही, 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को भी गैरकानूनी बताया गया। अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के क्षेत्रफल में मादक पदार्थों की बिक्री गैरकानूनी है। इस अवसर पर सुनैना कुमारी, कांति देवी, प्रभा सिंह, कंचन देवी, उषा देवी और अन्य सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्कूलों में दें टीएलएम आधारित शिक्षा : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को निपुण समागम 2024 के तहत प्रारंभिक कक्षा के शिक्षकों द्वारा निर्मित टीएलएम का जिला स्तरीय मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीडीसी ऋतुराज ने किया। मेले में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के स्कूलों से आये शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि स्कूली बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए टीएलएम निर्माण विधालय स्तर पर भी होना चाहिए। साथ ही बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा टीएलएम पर आधारित हो, इसके लिए सभी शिक्षक प्रयास करें, ताकि बच्चों में बौद्धिक और मानसिक विकास तेजी हो। जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार ने बच्चों की शिक्षा में टीएलएम की महत्ता और इसके उपयोग पर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने कहा कि जिलास्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ टीएलएम को राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।

## बकाया वेतन को लेकर आउटसोर्स कर्मी सिविल सर्जन से किया मुलाकात

**कोडरमा।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्यूरीटी फोर्स के अंतर्गत आउटसोर्स कर्मी ने तीन माह से बकाया मानदेय को लेकर अराजपत्रित महासंघ के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी की अगुआई में सिविल सर्जन से मिले। जहां सिविल सर्जन द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि 29 जून तक आपलोग का बढ़ा और तीन माह बकाया वेतन एक साथ भुगतान पूरी कर ली जाएगी। साथ ही कहा की आपसभी को कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्यूरीटी फोर्स के सभी प्रकार की राशि भुगतान की जाएगी।

## भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष के साथ युवाओं ने की बैठक

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद अंतर्गत बजरंग नगर छठ तालाब सूर्य मंदिर के समीप सोमवार को बजरंग नगर के युवाओं की एक बैठक भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में की गयी। जिसमें स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं को भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी के समक्ष रखा। जिसमें मुख्य रूप से सूर्य मंदिर छठ तालाब में गंदे पानी का आगमन को रोकने के लिए और उस तालाब की पवित्रता बरकरार रखने के लिए मांग रखी गई। ज्ञात हो कि छठ तालाब में छठ पर्व के दिनों में शहर के कई परिवार के लोग छठ पर्व मनाने आते हैं, बावजूद उक्त तालाब में शहर के गंदी नालियों के बदबूदार पानी और कीचड़ का जमाव हो रहा है।

## 8 वर्षीय बालक के हत्यारोपी सिंटू कसाई फरार

### कोडरमा पुलिस ने अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद में विगत 14 सितम्बर 2023 को हुए 8 वर्षीय बालक के निर्मम हत्यारोपी फरार अभियुक्त रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई के घर कोडरमा पुलिस के द्वारा दंड प्रकिया संहिता की धारा 82 के तहत इश्तहार चिपकाया गया। इसके बाद पुलिस जलवाबाद स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची और दर्जनों ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार चिपकाते हुए अभियुक्त सिंटू कसाई को न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार के अनुसार निर्धारित समय पर न्यायलय में सरेंडर करने को कहा गया है। उपस्थित नहीं होने के उपरांत न्यायालय के आदेश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ढोल नगाड़ा बजाकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया गया। वहीं कोडरमा थाना में पदस्थापित एसआई नंद किशोर तिवारी ने ग्रामीणों को बताया की कोडरमा थाना कांड संख्या 169/23 के अभियुक्त जलवाबाद निवासी रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई के घर और स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में वार्ड सदस्य और स्थानीय दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश के आदेशानुसार इश्तहार चिपकाया जा रहा है। ज्ञात हो की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश के द्वारा इससे पूर्व 82 के तहत हुए तामिला को पर्याप्त तामिला नही मानते हुए पुनः तामिला करने का निर्देश दिया गया था। ज्ञात हो की विगत 14 सितम्बर को अबूबसर उर्फ रहिल पिता रिजवान अहमद उर्फ सिंटू, नूर आलम उर्फ जुनैद पिता इरशाद आलम आदि के द्वारा जलवाबाद में 8 वर्षीय मासूम अब्दुसमद उर्फ अलसमद का गला दबा कर बहुत ही बेरहमी से हत्या कर बंद घर में छुपा दिया गया था। इस घिनौने कार्य को पिता रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई द्वारा बच्चा चोरी का झूठी अफवाह फैलाया गया, ताकि अपने बेटे रहिल को बचा सके। बहरहाल इश्तहार में कहा गया है चूंकि परिवाद किया गया है कि मो.रिजवान अहमद उर्फ सिंटू, पिता मो.अख्तर, नियर मदीना मस्जिद, थाना, कोडरमा भाद्वी की धारा 364, 302 तथा 201/34 के तहत अपराध करित किया है और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कहकर लौटा दिया गया है, कि अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से यह दर्षित है, की वह फरार हो गया है, या कहा जा सकता है की उक्त वारंट की तामिला से बचने के लिए अभियुक्त खुद को छिपा रहा है।

## समिति द्वारा स्कूल का औचक निरीक्षण

**जयनगर (कोडरमा)।** शांति सह विकास समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सोमवार को कन्या मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया गया। वहीं बच्चों एवं शिक्षकों के साथ वार्ता किया गया। वहीं स्कूल निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमी को देखते हुए सुधार करने का निर्देश दिया गया। वहीं जयनगर में संचालित सरकारी उर्दू विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। जहां समिति ने उर्दू विद्यालय को ससमय खोलने का आदेश दिया।

## कोडरमा स्टेशन पर लहराता विशाल तिरंगा फट जाने के बाद अब तक नहीं लग पाने से लोगों में निराशा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आमजनों में देश प्रेम की भावना जगाने और गर्व की अनुभूति कराने को लेकर कोडरमा स्टेशन पर लगे 100 फीट की ऊंचाई पर लहराता विशाल तिरंगा किसी कारण वस पिछले एक सप्ताह पूर्व उतारा गया, जो सोमवार तक नहीं लग पाया है। इस कारण इसे प्रतिदिन देखने वाले लोगों में निराशा है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों चली तेज हवाओं के झोंके से तिरंगा के कई हिस्से फट गए थे। जिसकी सूचना पर रेल प्रबंधन ने विभागीय अधिकारियों से बात कर तत्काल तिरंगे को उतरवा लिए थे। इस संबंध में कोडरमा एसएस रविंद्र कुमार ने कहा कि वे पिछले तीन दिनों से छुट्टी में थे। वैसे इसकी जिम्मेदारी आईओडब्लयू की थी, लेकिन उन्होंने कहा कि जल्द ही नया तिरंगा फहराने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि फटा हुआ तिरंगा फहराना अपराध है।

## जेएमएम नेता मनोज चंद्रा ने पंचायत अध्यक्षों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) पार्टी के नेता मनोज चंद्रा सोमवार को गिद्धौर पहुंचे और पार्टी के पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जुलाई माह में विधायक कल्पना सोरेन सिमरीया विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगी, जिसकी तैयारियों को लेकर बूथ अध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुखिया डेगन गंझू, देवनारायण दांगी, यदुनंदन पांडेय, दिगम्बर दास, पुरुषोत्तम गुप्ता, बिनोद यादव, कामदेव दांगी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को डीडीसी ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जुलाई में चतरा जिले के दौरे पर आने वाले हैं, जिसकी तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों और प्रखंड कार्यालयों के प्रमुखों को उनके कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त ने सभी कार्यालय प्रमुखों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को राज्य से प्राप्त योजनाओं के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया।चतरा जिले से बाहर प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारियों को तीन दिन मुख्यालय में रहकर शत-प्रतिशत कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को जनता दरबार का आयोजन करने और आम लोगों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार से संबंधित दिन और समय सूचना पट्ट पर लगाना सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने को लेकर शिविर का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के सभी 14 पंचायत भवन प्रांगण में सोमवार को मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कोडरमा आदेशानुसार शिविर लगाकर आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सौरव कुमार ने बताया कि यह शिविर प्रखंड के सभी पंचायत भवन में आयोजित किया गया है। जिससे यहां के आमजनों को कार्ड से भरपूर लाभ मिल सके। गोल्डन कार्ड के लिए प्रज्ञा केंद्र को कोई राशि प्रदान नहीं करना है। पूर्व में प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा जो तीस रुपये बतौर शुल्क लिया जाता था, उसे सरकार वहन करेगी।

### अंडर 17 बालक वर्ग के जिला स्तरीय

## सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता आयोजित

### सिमरिया को 3-2 से हराकर टंडवा बना विजेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची झारखंड के तत्वाधान में चतरा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय जिला स्तरीय 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 - 25 के दूसरे दिन सोमवार को अंडर 17 बालक वर्ग का फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत चतरा सदर प्रखंड बनाम लावालोंग के बीच हुआ। जिसमे चतरा 2 - 0 विजय हुई । दूसरा मैच प्रतापपुर बनाम गिद्धौर के बीच खेला गया जिसमें गिद्धौर की टीम 1- 0 से विजय हुई।तीसरा मैच कुंदा बनाम पत्थलगड़ा के बीच खेला गया। इस मैच में पथलगडा की टीम 1- 0 से विजय हुई ।चौथा मैच मयूरहंड बनाम कान्हाचटी के बीच खेला गया।जिसमें कान्हाचट्टी 1- 0 से विजय हुई। पहला क्वार्टर फाइनल मैच सिमरिया बनाम चतरा के बीच हुई। जिसमें सिमरिया 1- 0 से विजय हुई। वहीं दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच हंटरगंज एवं गिद्धौर के बीच हुई जिसमें गिद्धौर 1- 0 से विजय हुई। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच पथलगडा बनाम इटखोरी के बीच हुई जिसमें इटखोरी पेनाल्टी शूटआउट में विजय हुई। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच कन्हाचटी एवं टंडवा के बीच हुई जिसमें टंडवा 2 -0 से विजय हुई। सेमी फाइनल मैच सिमरिया बनाम इटखोरी के बीच हुई जिसमें सिमरिया 1- 0 से विजय हुई। दूसरा सेमी फाइनल मैच गिद्धौर बनाम टंडवा के बीच मैच हुआ जिसमें टंडवा 4- 0 से विजय हुआ। तीसरा स्थान के लिए इटखोरी बनाम गिद्धौर के बीच मैच हुई जिसमें पेनल्टी शूटआउट में गिद्धौर की टीम 4- 3 से विजय हुई।फाइनल मैच सिमरिया बनाम टंडवा के बीच हुआ जिसमें टंडवा प्रखण्ड ने सिमरिया प्रखंड को 3-2 से हराया। कार्यक्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ श्री मनोज कुमार सिंह ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष श्री जितेंद्र चंद्रवंशी ,नोडल पदाधिकारी दीपक कुमार, शारीरिक शिक्षक श्री अबोध राम, श्री राघवेंद्र चौधरी, जितेंद्र कुमार यादव , मुकेश कुमार,मंजू कुमारी, कुशुम कुमारी सुबीर कुमार, जितेंद्र कुमार पांडे, सीमा श्रीवास्तव, श्याम किशोर, कृष्ण कुमार टिंकू, जितेंद्र कुमार पाण्डेय, चंदन कुमार पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा, उपस्थित थे। मैच रैफरी के रूप में वीरेंद्र कुमार रविदास, जगदीश सिंह भोक्ता, योगेंद्र रविदास, संतोष यादव, डब्लू राम एवं दिलीप राम थे। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक श्री अबोध राम के द्वारा किया गया।

## अवैध बालू से लदे चार ट्रैक्टर जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सोमवार की सुबह, थाना क्षेत्र के पितीज गुल्ली मोड़ के पास, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सोमनाथ बांकिरा ने इटखोरी पुलिस बल के साथ मिलकर अवैध बालू से लदे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में, सभी ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के पितीज स्थित बसाने नदी से अवैध रूप से बालू उठाकर बिक्री के लिए ले जा रहे थे। जब्त ट्रैक्टरों की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दे दी गई है और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई क्योंकि ट्रैक्टरों के चालक वहां से भाग निकले। सभी चार ट्रैक्टरों को इटखोरी थाना परिसर में रखा गया है। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है, क्योंकि इस इलाके में मुहाने नदी और बसाने नदी घाट से बड़े पैमाने पर बालू का अवैध उत्खनन और परिवहन होता है।

## डी आर एस कॉलेज की प्राचार्या को पितृ शोक



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** डी आर एस कॉलेज की प्राचार्या सावित्री कुमारी के पिता का निधन 24 जून को हो गया, वे 60 वर्ष के थे और उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिझुवा (पचड़ा) के शिक्षक थे, जो 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए थे। वे एक विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे और अपने पीछे दो पुत्र, तीन पुत्रियाँ और एक बड़ा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन के कारण आज, 24 जून को महाविद्यालय बंद रहेगा।

## एएसआई पर महिला ने लगाये गंभीर आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** सिमरिया थाने में तैनात एएसआई बिनोद तिवारी पर एक महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि उसने सिमरिया गांव के शुभम सिंह से कुछ पैसे कर्ज लिए थे, जिसे वह किस्तों में चुका रही थी। लेकिन किसी कारणवश वह एक-दो महीने का ब्याज नहीं दे पाई, जिसके चलते शुभम सिंह ने उसके घर आकर मारपीट की और गाली-गलौज की। महिला थाने में शिकायत करने गई, लेकिन एएसआई बिनोद तिवारी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और कहा कि क्या शुभम सिंह तुम्हारे यहां रुपया मांगने नहीं गया था? क्या वह तुम्हें चूमने या बलात्कार करने गया था? महिला एएसआई के अपशब्द सुनकर सन्न रह गई और डर गई। इसके बाद वह थाने से निकलकर एसडीपीओ अजय केशरी सिमरिया और आरक्षी अधीक्षक चतरा से लिखित शिकायत की। यह पहली बार नहीं है जब एएसआई बिनोद तिवारी पर विवादित बातों के आरोप लगे हैं। वह हमेशा से ही विवादों में रहे हैं। वह लगातार छह-सात सालों से सिमरिया थाने में तैनात हैं और सिमरिया थाना क्षेत्र के लोगों से उनकी अच्छी पकड़ है।

## पत्रकार की आवाज दबाने की कोशिश लोकतंत्र की हत्या : विधायक प्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा ने बिंगलात निवासी ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज करने के मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आम्रपाली खदान खुलने के बाद से बड़कागांव होते हुए हजारीबाग कोयला जाता था, लेकिन बड़कागांव सड़क में दुर्घटनाओं को देखते हुए नो एंट्री लगा दी गई। इसके बाद से केरेडारी हजारीबाग का कोयला कटकमसांडी जाने के लिए टंडवा की सड़क का इस्तेमाल शुरू हुआ, जिससे यहाँ सड़क दुर्घटना में इजाफा हुआ है। लेकिन यहाँ नो एंट्री के बजाय खुली झूट दे दी गई है। उन्होंने सवाल किया कि क्या चतरा के लोगो की जान जान नही है? जब टंडवा



के पत्रकार इस मामले को उठा रहे हैं तो उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो सीधे लोकतंत्र की हत्या के समान है। उन्होंने कहा कि सिमरिया टंडवा होकर एक कंपनी का कोयला जा रहा है और जब पत्रकारों ने उस कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोला तो थाना में फर्जी आवेदन देकर उन्हें डराने का प्रयास किया जा रहा है। महेश वर्मा ने कहा कि पत्रकारों को कंपनी डराने का काम ना करे, नहीं तो जनता सड़क पर उतरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में टंडवा पत्रकार संघ जिस तरह जनमुद्दे को उठा रहा है वह तारीफ के काबिल है। उन्होंने कहा कि टंडवा का कोयला केरेडारी नहीं तो केरेडारी का कोयला टंडवा नहीं, जब सड़क दुर्घटना होती है तो मामले को सुलझाने गए जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है।

## स्पीड न्यूज

### स्पोर्ट्स अकादमी ने मनाया अंतराष्ट्रीय ओलंपिक व हैंडबॉल दिवस



गुमला। स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के द्वारा परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस और अंतराष्ट्रीय हैंडबॉल दिवस धूमधाम से मनाया गया। साथ ही खिलाडियों के लिए आयोजित समर कैंप संपन्न हुआ। हैंडबॉल दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी और गुमला एकादश के बीच हैंडबॉल का मैच हुआ। जिसमें 12-9 के स्कोर से स्पोर्ट्स अकादमी ने जीत हासिल किया। खिलाड़ियों को जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी और समाज सेवी भोला चौधरी ने सम्मानित किया। वहीं स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन ने कहा कि खेल मानव जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सभी लोगो को अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए कुछ न कुछ करना चाहिए। स्पोर्टस अकादमी से खेलने वाले कई खिलाड़ी आज नौकरी कर रहे हैं। स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष हफीजूर रहमान ने ओलंपिक दिवस की महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिससे बच्चो में एक अलग सी रौनक दिखी। मौके पर समाजसेवी मांगू उरांव, खिलाड़ी अमित कुमार कमांडो, दीपक कुमार, विक्रम राज, अनीश, नीरज, रवि, अनामिका, प्रीति मौजूद थे।

### मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्य स्मृति दिवस मनायी गयी



गुमला। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के घाटो बगीचा स्थित शाखा में सोमवार को मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्य स्मृति दिवस मनायी गई। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता फोरम के न्यायाधीश ओमप्रकाश पांडे, राजयोगिनी शांति दीदी, व्यवसायी पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संस्था के सैकड़ो भाई बहन ने मातेश्वरी जगदंबा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शांति दीदी ने मातेश्वरी को याद करते हुए कहा कि मातेश्वरी जगदंबा की वाणी सरल मधुर कशिश वाली थी। जिसे सुनकर सुनने वालों के विचार ही बदल जाते थे। उनमें परखने की शक्ति निर्णय करने की शक्ति बहुत तेज थी।

### कांग्रेस नेता के प्रयास से पुणे में मरे मजदूर का शव लाया गया पैतृक गांव



गुमला। पुना में काम करने के दौरान पालकोट थाना क्षेत्र के चौक टेंगरा गांव निवासी रंजीत लकड़ा की मौत हो गयी थी। जिसका पार्थिव शरीर परिजन लाने में असमर्थ थे। इस बात की जानकारी पालकोट के कांग्रेसी नेता बसंत गुप्ता ने असंगठित कामगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम को दी। आलम ने मामले को लेकर श्रम अधीक्षक से मुलाकात कर मृतक के पार्थिव शरीर को लाने में सहयोग की अपील की। जिसके बाद श्रम विभाग के द्वारा मृतक के शव को लाने के लिए चेक प्रदान किया गया और मृतक का शव उसके घर तक लाया गया। रंजीत लकड़ा पुना में काम करने के क्रम में अचानक ऊपर से गिर गया था। सर में गहरी चोट लगने से ब्रेन हेमरेज हो गया और रंजीत लकड़ा की मृत्यु हो गई थी। श्रम विभाग द्वारा पार्थिव शरीर को लाने की के लिए 50 हजार रुपए का मदद दिया गया। मुख्तार आलम ने कहा कि सरकार के योजना के द्वारा मृतक मजदूर के पत्नी को 1 लाख रुपए की मुआवजा राशि दिया जाएगा। इस अवसर पर दाऊद आलम, विलियम लुगुन, मो गुड्डू, राजेंद्र मिंज, रोहित लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### घाघरा प्रखंड के नवडीहा में सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



घाघरा। प्रखंड शिक्षा विभाग घाघरा के द्वारा नवडीहा खेल मैदान में सोमवार से दो दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उदघाटन मैच बालक वर्ग में प्रोजेक्ट विद्यालय बदरी बनाम मॉडल स्कूल घाघरा के बीच खेला गया। जिसमें दो गोल से प्रोजेक्ट विद्यालय बदरी की टीम बिजयी रही। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि खेल को खेल की भावना बच्चे खेले। हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो, शिक्षक बसंत साहू, अजय प्रजापति, कोमल कुमारी, बबिता कुमारी, मिथिलेश मनी पाठक, जितेंद्र कुमार साहू, बसंत तिर्की, बिहारी उरांव व शिक्षक शिक्षिका शामिल थे।

### चुंदरी लैंपस में दो दर्जन किसानों के बीच किया गया धान बीज का वितरण



घाघरा। घाघरा प्रखंड के चुंदरी लैंपस में दो दर्जन किसानों के बीच सोमवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार ने सरकार से मिलने वाले अनुदान दर पर धान बीज का वितरण किया। इस क्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खरवार ने बताया कि सरकार द्वारा 50% अनुदान दर पर धान बीज किसानों के बीच मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें हाइब्रिड धान, अराइज गोल्ड, डीआरएच एमटीयू 10 उपलब्ध है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रधान उरांव, उप मुखिया अजीत मनी पाठक, आदित्य भगत, लैंपस सचिव सुरेंद्र यादव, किसान करमा उरांव, सुजीत उरांव, फूल कुमारी देवी, चंद्रदेव भगत, रंजीत उरांव, पबबि उरांव, सुरेंद्र महली, कलसू उरांव, असरी उरांव, चंद्रदेव भगत, लूरमानिया उरांव, छवंदू महली, रामकेश्वर उरांव, महरग उरांव, पूजा देवी व किसान उपस्थित थे।

# कुटुंब न्यायालय में लंबित परिवारिक वादों के निष्पादन को लेकर मेडिएशन ड्राइव का आरंभ

>> पहले दिन एक मामले का किया गया निष्पादन, कार्यक्रम का पीडीजे ने किया उदघाटन

खबर मंत्र संवाददाता



स्पेशल मेडिएशन ड्राइव शिविर में शामिल न्यायिक पदाधिकारी व अन्य।

**गुमला।** कुटुंब न्यायालय में लंबित मुकदमों का निपटारे के लिए सोमवार से स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुभांरभ प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि मध्यस्थ एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें निरपेक्ष मध्यस्थ वादी और प्रतिवादी को अपने मामले आपसी समझ एवं सहमति से सुलझाने में सहायता करता है। इस प्रक्रिया में मामला आपसी सहमति से जल्द सुलझ जाते हैं। इस स्पेशल मेडिएसन ड्राइव का भरपूर लाभ लोग उठा सकते हैं। यह ड्राइव परिवारिक विवाद जो फैमिली कोर्ट में पेंडिंग है। उसका निपटारा त्वरित गति से करने के लिए किया गया है ताकि पक्षकार सहमति और समझौता कर अपना परिवारिक जीवन बिना किसी बाधा के आगे बढ़ा सके। स्पेशल मेडिएशन ड्राइव में सोमवार को एक मामले का निपटारा किया गया तथा दोनों पक्ष कार के बीच सुलह के आधार पर मामले को निष्पादित किया गया। ड्राइव के शुभारंभ पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला रामकुमार लाल गुप्ता, स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, लीगल डिफेंस काउंसिल के विद्या निधि शर्मा, अधिवक्ता शारदा पांडे, अरविंद चौधरी, प्रकाश पांडे, आशा पूनम, तथा पक्षकार गण उपस्थित थे।

# पुतला दहन कार्यक्रम में दिखी कांग्रेस में गुटबाजी

एक पक्ष ने जिला कार्यालय में कांग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वालो लोग कार्यालय में प्रवेश न करे का लगाया पोस्टर

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में देश भर के छात्रों के महत्वपूर्ण परीक्षा नीट, यूजी के प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस में बढ़ती गुटबाजी देखने को मिला।

हालत ये हो गया की जिला अध्यक्ष अपने ही कार्यालय में बेगाने की तरह से कार्यक्रम में शामिल होने निकल गए। वही एक पक्ष जिला कार्यालय में बैठा रहा है। राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में कांग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वाले लोग कार्यालय में प्रवेश न करे का पोस्टर चिपका दिया।

जिसे देखते हुए लगता है की आने वाले दिनों में जिला कांग्रेस पार्टी में वर्चस्व को लेकर जमकर गुटबाजी बढ़ेगी। खासकर लोकसभा के चुनाव के बाद से ही एक पक्ष के लोग जिले के कद्दावर कांग्रेसी नेताओ पर भीतरघात का आरोप लगाते हुए खुलेआम विरोध कर रहे है। वही दूसरे पक्ष के लोग अभी तक खामोश है। अब आने वाला समय ही बताएगा की आनेवाले दिनों में किस पक्ष का जिला में दबदबा रह पाएगा।

# खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है : जिप सदस्य मेरी लकड़ा

खबर मंत्र संवाददाता



**चैनपूर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बारवे हाई स्कूल के खेल मैदान में प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा प्रखंड स्तरीय 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य अतिथि चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा, उपप्रमुख प्रमोद खलखो के द्वारा फुटबॉल किक मारकर किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के कुल 7 टीमों ने हिस्सा लिया। मौके पर मेरी लकड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल के क्षेत्र में हमारे झारखंड के बच्चों ने पदक जीतकर अपने गांव व देश का नाम रौशन किया है। वहीं उपप्रमुख प्रमोद खलखो ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। इधर प्रतियोगिता के फाइनल में बालक वर्ग अंडर 17 में बारवे हाई स्कूल चैनपुर ने बलबीर उच्च विद्यालय कटकाही को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका वर्ग अंडर 17 में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चैनपुर ने संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालक वर्ग अंडर 15 में भी बारवे स्कूल की टीम विजेता रही। सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों के द्वारा मेडल व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर बीडीओ यादव बैठा, सत्येन्द्र प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, अनीता देवी, बबीता शर्मा रीमा कुमारी सहित सभी विधालय के शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

# हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग शीघ्र कार्रवाई करें : सांसद सुखदेव भगत

सांसद के निर्देश पर हाथियों से प्रभावित परिवारों से मिले कांग्रेसी

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** विगत 15 -20 दिनों से लोहरदगा में हाथियों के द्वारा तांडव मचाया जा रहा है जिसके कारण कल एक युवक की मौत हो गई। कितने घर को हाथियों ने ध्वस्त कर दिया है। काफी किसानों के फसलों को भी हाथियों ने नष्ट कर दिया है। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत मामला को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि हाथियों के उत्पात से जनता परेशान है। लोग रतजगा कर रहे हैं। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों को त्वरित गति से काम करना चाहिए। हाथियों से जनता को जो भी नुकसान हुआ है उसका मुआवजा उन्हें दिलवाया जाएगा। कल हाथियों से बचकर भाग रहे तान गांव निवासी उमेश उरांव का कुआं में गिरने से मौत हो गई थी उसके प्रति सांसद ने संवेदना प्रकट किए हैं तथा उन्हें चार लाख का मुआवजा भी दिलाने की बात कही। सांसद की सारी बातों को कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू डीएफओ को अवगत कराते हुए इस पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किये। डीएफओ ने साहू को बताया कि ग्रामीण संयम से रहे हाथियों को नहीं छेड़े। प्रशासन हाथियों को भगाने के लिए प्रयासरत है तथा सभी प्रभावित लोगोंको मुआवजा दिया जाएगा। शनिवार को कुडू प्रखंड के इटरा गांव में हाथियों ने दो परिवार सोनू उरांव एवं राजेंद्र उरांव का घर को ध्वस्त कर दिया था तथा उनका धान, गेहूं को भी खा गया था। सांसद के निर्देश पर आलोक कुमार साहू इटरा गांव पहुंचकर हाथियों द्वारा ध्वस्त किये गये घर का मुआयना किया तथा प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें बताया कि संसद आपके साथ हैं, आपकी समस्याओं का निदान किया जाएगा। साहू ने मौके पर से ही डीएफओ से वार्ता कर शीघ्र मुआवजा देने की बात किए। साहू ने बीडीओ कुडू से वार्ता कर प्रभावित परिवारों को अबुआ आवास देने का आग्रह किये साहू ने अंचलाधिकारी कुंडू से वार्ता कर शीघ्र क्षतिपूर्ति रिपोर्ट तैयार करने की बात कहें। मौके पर लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव, मनीष शर्मा, महावीर भगत, महादेव भगत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बीडीओ ने की राजनीति दलों के साथ बैठक

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में मतदाता पुनरीक्षण को लेकर मंगलवार से शुरू हो रही प्री-रिवीजन एवं डोर-टू-डोर कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि 25 जून से शुरू हो रही प्री-रिवीजन कार्यक्रम एवं डोर-टू-डोर मतदाता सत्यापन के कार्य में राजनीतिक दल निगरानी बनाए रखें, ताकि हर अहर्ता पूरी करने वाला व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सकें। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि सभी बीएलओ व पर्यवेक्षकों मतदाता पुनरीक्षण को लेकर डोर-टू-डोर जाकर छूटे हुए लोगों का नाम मतदाता प्रपत्र भरकर नाम जोड़ने का निर्देश दिया गया है। जिसमें सभी राजनीतिक दल का सहयोग जरूरी है। प्री-रिवीजन कार्यक्रम के तहत हर एक योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नामांकन से नहीं छूटे इसको लेकर विशेष ध्यान दिया गया है। प्री-रिवीजन एवं डोर-टू-डोर कार्यक्रम 24 जुलाई तक चलाया जाएगा। मौके पर आकाश यादव, जुगल भगत, गौरीश गौरव मौजूद थे।

# लोहरदगा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 144 किलो गांजा के साथ 3 कार जब्त, आरोपी फरार

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्हेपाट चौक के समीप से पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया खुलासा। पुलिस ने गांजा तस्कर के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर गांजा से भरा एक एक्सवीयू कार सहित तीन लग्जरी कार भी जब्त किया है। सेन्हा थाना पुलिस तौफिक अंसारी नामक व्यक्ति के घर पर मुख्यालय डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठन कर छापेमारी अभियान चलाया जिसमे पुलिस को सफलता हाथ लगी। हालांकि मौके से गांजा तस्कर तौफिक अंसारी फरार हो गया। पुलिस ने उसके घर से कई जरूरी सम्मान, गाड़ियों के चाभी और कागजात, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, पुलिस नेम प्लेट, नशा की सामग्री और 42800 रुपए नगद बरामद किया है। गांजा की कीमत पुलिस ने करीब 70 लाख रुपए बताई है। गांजा तस्कर तौफिक अंसारी कई जगहों पर सप्लाइयर के रूप में काम कर गांजा सप्लाई करता था।

### झारखंड सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए हिंदुओं को प्रताड़ित कर रही है



लोहरदगा। अमन कुमार के समर्थन में मनीष कश्यप का हजारीबाग में हजारों लोगों ने जोरदार स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के कई स्थानों से भैरो सिंह समेत हजारों लोग शामिल हुए। जिसमें लोहरदगा जिला जय श्रीराम समिति नगर महामंत्री सुशील पटनायक समेत कई कार्यकर्ता लोहरदगा जिला का प्रतिनिधित्व किया। ज्ञात हो की अमन कुमार के रिहाई को लेकर लोहरदगा जिला में समिति के बैनर तले सैकड़ो की संख्या में पावरगंज चौक में जोरदार प्रदर्शन किया गया था। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा रिहाई न होने तक क्रमबद्ध आंदोलन होता रहेगा। झारखंड सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए हिंदुओं को प्रताड़ित कर रही है जो आने वाले विधानसभा में हेमंत सोरेन को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है।

### ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम में मैंगो डे का आयोजन



लोहरदगा। सदर प्रखंड स्थित ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमू लोहरदगा में मैंगो डे का आयोजन किया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा यू केजी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मैंगो डे के अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने पीले रंग के ड्रेस पहना तथा मैंगो के मुकुट पहनकर मैंगो की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सभी बच्चों को सर्वप्रथम फलदार पेड़ पौधों के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से पेड़ पौधे से जुड़े सवाल भी पूछे गए जिनका बच्चों ने अच्छे से जवाब भी दिया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न संगीत पर नृत्य भी कराया गया। कार्यक्रम में बच्चों को मैंगो खिलाकर कार्यक्रम समाप्त किया गय। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य सुमन गुप्ता ने बतलाया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों को प्रकति के बारे में जानकारी देने के साथ उनका लगाव प्रकृति से जोड़ना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन गुप्ता, पूजा मिंज, किरण ज्योति लकड़ा, खुशबू कुमारी और ऐना मिंज की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# गुमला में सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल का हुआ शुभारंभ

संत इग्नासियुस विद्यालय ने दिखाया दम, टूर्नामेंट में शामिल हुई 17 टीमें, फाइनल मैच आज

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** सोमवार को संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम में सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रखण्ड स्तरीय मुकाबलों का भव्य शुभारंभ हुआ। द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित कोच वीणा केरकेट्टा और रिजवान अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गुमला जिले की खेल नगरी के तौर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान रही है। ऐसे में इस प्रतिष्ठा को भविष्य में भी बनाए रखने की जिम्मेवारी आप नौनिहालों की है, इसलिए खेल को खेल भावना से खेलें। टूर्नामेंट में 17 टीमों ने हिस्सा लिया। अंडर 17 बालक वर्ग में संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला ने अरमई उच्च विद्यालय को 5-0 से, संत पात्रिक उच्च विद्यालय ने खोरा उच्च विद्यालय को 4-0 से और स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एसएस प्लस टू गुमला ने मुरकुंडा उच्च विद्यालय को 2-0 से हराया। लुथेरान उच्च विद्यालय को विपक्षी टीम की गैरमौजूदगी के कारण वॉकओवर मिला। अंडर 17 बालिका वर्ग में, संत पात्रिक उच्च विद्यालय (एसटीसी) ने उसुर्लाइन गुमला को 2-0 से, जबकि संत पात्रिक उच्च विद्यालय बी टीम ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एसएस प्लस टू गुमला को 2-0 से हराया। अंडर 15 बालक वर्ग में, लुथेरान उच्च विद्यालय ने संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय बी टीम को पेनाल्टी में 2-0 से, संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय ए टीम ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एसएस प्लस टू को 6-0 से, और संत पात्रिक उच्च विद्यालय ने लुथेरान उच्च विद्यालय को 3-0 से हराया। तीनों आयुवर्ग में फाइनल मैच मंगलवार को खेले जाएंगे। बीपीओ ओम प्रकाश दास और सोनाली त्रिपाठी ने लाइव कमेंट्री से दर्शकों को बांधे रखा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में ब्रजेश आनंद, दीपज्योति गोप, संजय कुमार शर्मा, कमल उरांव, बालकृष्ण, प्रदीप राम, विकास कुमार और चंदन मिश्रा व प्रेम सागर जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चैनपुर में बोलेरो के धक्के से बालक घायल



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के खोपाटोली के समीप अज्ञात बोलेरो वाहन के धक्के से 13 वर्षीय आलोक तिग्गा पिता प्रवीण तिग्गा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। घटना में आलोक का पैर फ्रेक्चर हो गया है। जानकारी के मुताबिक आलोक तिग्गा चना खरीदकर अपने घर लौट रहा था। तभी सामने से आ रही बस को ओवरटेक करने के के दौरान बोलेरो ने बच्चे को धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गया। हांलाकि कुछ लोगों ने बोलेरो का पीछा भी किया लेकिन उसको पकड़ नहीं पाये। इधर बच्चे की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# रायडीह प्रखंड के नकटीझरिया ग्राम में हुआ मेगा कैंप का आयोजन

सभी विभागों ने लगाया स्टॉल, ग्रामीणों को ऑन द स्पॉट योजनाओं से किया गया आच्छादित

खबर मंत्र संवाददाता





**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव नकटीझरिया में सोमवार को जिला स्तरीय एक विशेष मेगा कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों ने अपने अधिनस्तों के साथ कैंप लगाते हुए उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया। पिछले गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण क्रम में उन्होंने उक्त ग्राम का दौरा किया था। जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उपायुक्त ने उनके सभी समस्याओं के निवारण करने का वायदा किया था एवं आज उपायुक्त के निर्देश पर नकटीझरिया ग्राम अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाते हुए कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप का मुख्य उद्देश्य था कि वहां के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े एवं एक ही बार में उन्हें सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल सके। आज आयोजित कैंप में जिले के सभी विभाग जिसमें जिला समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जिला कल्याण विभाग, जिला श्रम विभाग, जेएसएलपीएस, जिला पशुपालन विभाग, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अग्रणी जिला प्रबंधन, आपूर्ति विभाग, मनरेगा, आवास योजना, यूआईडी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला नियोजन कार्यालय सहित कई विभागों के द्वारा कैंप लगाए गएं एवं नागरिकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया की गई। इस दौरान सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, बीडीओ एवं सीओ रायडीह भी मौजूद रहें। पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लगे इस कैंप में नकटीझरिया ग्राम के शत प्रतिशत ग्रामीणों को हर संभव योजनाओं से आच्छादित करने का प्रयास किया गया।

**कैंप में 228 लोगों को विभिन्न योजनाओं से किया गया अच्छादित**

कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 118 नागरिकों का स्वास्थ्य जांच व सिकल सेल एनीमिया जांच किया गया। साथ ही 71 लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। आपूर्ति विभाग अंतर्गत प्राप्त 43 आवेदनों में से कुल 36 आवेदनों का नया राशन कार्ड एवं नाम में सुधार करने का कार्य किया गया।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य शुरू : भंडरा बीडीओ





खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में सोमवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बीएलओ व पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। बैठक में भंडरा प्रखंड के बीएलओ व पर्यवेक्षक शामिल हुए। बैठक में 25 जून से शुरू हो रही मतदाता प्री-रिवीजन कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए सभी बीएलओ 18 वर्ष पूर्ण कर चुकें लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। आगामी विधानसभा चुनाव में एक भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहे। इसको लेकर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जो भी मतदाताओं का मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो है। उसे हटाकर तुरंत रंगीन फोटो अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही मतदाता सूची में पलायन, मृत मतदाताओं का नाम हटाने के लिए प्रपत्र का संधारण करें। उन्होंने घर-घर सत्यापन की समीक्षा करते हुए सभी बीएलओ को निर्देश दिया। इसके अलावे मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो लेना है, ताकि त्रुटि रहित रंगीन फोटो वाला पहचान पत्र निर्गत किया जा सके। मौके पर सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सभी बीएलओ का कार्य सराहनीय रहा। इसी तरह विधानसभा चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी हो जाएं। उन्होंने कहा 18 वर्ष पूर्ण कर चुकें लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करें। मौके पर प्रखंड के पर्यवेक्षक नवप्रभात कुजुर, गौरिस गौरव, प्रभात कुजुर, नीलम देवी, सुमित्रा टोप्पो सहित पर्यवेक्षक मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### ईंट भट्टा कारोबारी से लेवी मांगने एवं धमकी का मामला, पुलिस ने अभियुक्तों के पास से दो गोली लगा एक देशी रिवाल्वर समेत कई सामान बरामद की

# पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के सात उग्रवादियों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को बड़ी उपलब्धि मिली है। तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) उग्रवादी संगठन के सात उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों में दीपक उरांव पिता धर्मदेव उरांव (ईचाबार, नावागढ़), इस्लाम अंसारी उर्फ रवि पिता मुमताज अंसारी (लेधपा बेन्दी), रूपेश कुमार पिता रामजी भुईयां (जामुन टोला, पोचरा), सुजीत कुमार उर्फ सुजु पिता नेगी भुईयां (ठाकुरपाड़ा, नावागढ़), रितेश कुमार रवि पिता प्रदीप राम (नावागढ़), संजय भुईयां पिता भरण भुईयां (दिपका टोली, बालूमाथ) व अजय सिंह पिता सुरेश सिंह (नगड़ी, पांकी, पलामू) शामिल है।

सभी की गिरफ्तारी सदर थाना क्षेत्र के इचाबार गांव से की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से दो गोली लगा एक देशी रिवाल्वर, एक लोडेड देशी कट्टा,. 315 बोर के चार गोली, चार मोबाईल, पांच हजार नगद, टीएसपीसी के तीन पर्चा व तीन



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी

मोटरसाइकिल बरामद किया है। इसकी जानकारी एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि दीपक उरांव व इस्लाम अंसारी जेल से छूटने के बाद इस क्षेत्र में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन को मजबूत करने के लिए कुछ युवकों के साथ एक टीम बनाकर ईट भट्ठा मालिक ज्ञानचंद पांडेय, टनु सिंह, गोविंद साव समेत अन्य लोगों से लेवी की मांग की जा रही थी। लेवी नहीं देने पर टनु सिंह के ईट भट्ठा में मजदूरों के साथ मारपीट भी किया है। इस मामले में मामला दर्ज करने के बाद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया।

**सभी उग्रवादियों को दौड़कर पकड़ी पुलिस :** एसआईटी टीम को गुप्त सूचना मिली कि रविवार की रात्रि सदर थाना क्षेत्र के इचाबार गांव में दीपक उरांव के घर में 8-10 उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद छापेमारी टीम का गठित कर उक्त स्थान में छापेमारी की। जैसी ही पुलिस घटना स्थल पहुंची। पुलिस को देखते ही सभी उग्रवादी भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने घेरा बंदी कर सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

**जेल से छूटने के बाद टीएसपीसी संगठन को मजबूती करने में लगे थे दीपक व इस्लाम :** एसपी ने आगे बताया कि जेल से छुटने के बाद दीपक उरांव व इस्लाम अंसारी द्वारा टीएसपीसी उग्रवादी संगठन को मजबूती करने का कार्य किया जा रहा था। उसे पूरी तरह खत्म कर दी गई। छापेमारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक रंजन कुमार पासवान, धर्मवीर सिंह, सअनि कुबेर प्रसाद देव, रविंद्र महली, उमापद महतो, सैट-1 के जवान व तकनीकी शाखा कर्मी शामिल थे। प्रेस वार्ता में लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा व पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार पासवान मौजूद थे।

# हरा राशन कार्ड निर्गत व आधार सीडिंग के लिए शिविर का आयोजन



शिविर में उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे और बारियातू पंचायत सचिवालय मे झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन(हरा) राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को हरा राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन जमा व आधार सीडिंग किया गया। खबर लिखे जाने तक साल्वे पंचायत के शिविर में 09 लोगो का राशनकार्ड मे नाम जोडने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। 13 आधार सीडिंग भी किया गया। तथा 21 सुयोग्य लाभुकों का राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन दिए गए। वहीं बारियातू पंचायत सचीवालय के शिविर में 08 हरा राशन कार्ड का लाभुकों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने शिविर का जायजा लिया। मौके पर स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य, समाज सेवी, सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में आगामी शिविर 26 जुन को अमरवाडिह एवं टोंटी 28 जुन को शिबला एवं गोनिया एव अंत में 01 जुलाई को डाढा, फुलसु और बालुभांग पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिडिओ सह सीओ नंद कुमार राम व प्रखण्ड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार ने शिविर में अधिक से अधिक लोगो को हिस्सा लेने की अपील की।

## राशन कार्ड को लेकर शिविर का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव के द्वारा झारखंड सरकार खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा बनाए जा रहे ग्रीन कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड को लेकर बालूमाथ एवं झाबर पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया।

आयोजित शिविर में नया राशन कार्ड हेतु 29 आवेदन, नाम जोड़ने हेतु 38, डिलीट मेंबर 2, राशनकार्ड नाम सुधार के लिए 2, वही आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए चार आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ वीडियो सोमा उरांव ने बताया की आज बालू एवं चेताग, वहीं बुधवार को मासीयातु एवं रजवार, गुरुवार को बसिया, मारंगलोइया, शुक्रवार को मुरपा, भगिया शनिवार को धाधु और रविवार को गणेशपुर एवं शेरेगड़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर उन्होंने ग्रामीणों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील किया।

## मां व नाबालिग बेटे ने खाया विषाक्त पदार्थ, रेफर



ईलाजरत कीमली देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के डुमारो पंचायत अंतर्गत काली गांव में सोमवार को मां व नाबालिग बेटे के बीच हुए मामूली विवाद में दोनो ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। विषाक्त पदार्थ खाने के बाद दोनो की तबियत बिगड़ गयी, जिसके बाद मां-बेटे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां डॉक्टर मनोज कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि दोनो की स्थिति नियंत्रण में है व खतरे से बाहर हैं। लेकिन एहतियात बेहतर इलाज के लिए इसे लातेहार सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। घटना को लेकर बताया जाता है कि मां किमली देवी और 13 वर्षीय पुत्र के बीच किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद मां बेटा दोनों ने विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिसके बाद दोनो की तबियत बिगड़ने लगी, चंदवा अस्पताल में भर्ती कराया गया। विदित हो कि कीमली देवी ने पूर्व में भी अपने पति से झगड़ा होने के बाद जहर खाई थी।

## खाद्य सुरक्षा योजना के तहत शिविर की हुई शुरूआत



शिविर में उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत छुटे हुए योग्य लाभुकों के हरा राशन कार्ड निर्गत करने व आधार सीडिंग को लेकर सोमवार से विशेष शिविर की शुरूआत हुई। शिविर के पहले दिन चंदवा पूर्वी व पश्चिमी पंचायत में शिविर आयोजित हुआ। वहीं 25 जून को अलौदिया, बारी, 26 जून को कामता व सेरक, 27 जून को चकला व बनहरदी, 28 जून को जमीरा व चेतर, 29 जून को हुटाप व सासंग, 1 जुलाई को माल्हन व बोदा, 2 जून को डुमारो, बरवाटोली व 3 जून को लाधुप पंचायत में विशेष कैम्प लगाया जाएगा। बता दे कि आरोग्य समिति रांची झारखंड के पत्रांक 312 दिनांक 21/05/2024 के द्वारा राशन कार्डधारियों को आयुष्मान कार्ड निर्गत करने एवं ई-केवाईसी कराने का निर्देश प्राप्त है। इसी के आलोक में लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंड के पंचायत में विशेष कैम्प लगाया जा रहा है। प्रखंड प्रशासन ने छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों से उक्त योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# कमरे में रखा फ्रिज हुआ ब्लास्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ के समीप रहने वाले परमेश पांडे पिता राजेंद्र पांडे के घर में रखा हुआ फ्रिज एकाएक ब्लास्ट कर गया। वहीं घर का वायरिंग जल गया एवं कमरे में लगा एलइडी टीवी, पंखा भी जल गया।

जानकारी देते हुए परमेश पांडे ने बताया कि जिस समय घटना घटी



फोटो:6 ब्लास्ट हुआ फ्रिज

परिवार के सभी लोग दूसरे कमरे में थे। घर में रखा हुआ फ्रिज से धुआं निकलने लगा और ब्लास्ट कर गया। धुआ बढ़ने पर दूसरे कमरे से लोग दौड़कर आए। तब तक देखा की कमरे का वायरिंग जल गया था और कमरे में आग लग गई थी। घर वालों ने किसी तरह पर काबू पाया। वही घर मे लगा एलइडी टीवी एवं पंखा जल गया। करीब एक लाख की छती बताई जाती है।

## श्री राम दरबार मंदिर का वार्षिकोत्सव कल से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शहर से सटे सरोज नगर स्थित श्री राम दरबार मंदिर का 20वां वार्षिकोत्सव 26 जून बुधवार से शुरू हो जाएगा। श्री राम दरबार मंदिर पूजा समिति के लोगों ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार की सुबह 6:30 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, कलश यात्रा के पश्चात अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 27 जून गुरुवार को अखंड पूणार्हुति के पश्चात हवन एवं दोपहर 2 बजे से भंडारा कार्यक्रम का आयोजन होगा। समिति के लोगों ने धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

## नेशनल कराटे चैंपियनशिप में लातेहार के तीन खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण समेत पांच पदक जीते

**लातेहार।** जयपुर 5वीं नेशनल गोजुरियो स्पोर्टस कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता 21 और 22 जून को आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में लातेहार जिले के तीन खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण पदक सहित कुल पांच पदक अपने नाम किया। चैंपियनशिप में 12 राज्यों के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। चैंपियनशिप में काता और कुमेते दो प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लातेहार के सीनियर वर्ग बालक में मनजीत कुमार सिंह ने 60 किलोग्राम काता में स्वर्ण एवं कुमेते में रजत पदक जीत कर झारखंड का नाम रोशन किया। बालक वर्ग में 50 किलोग्राम में शौर्य राज ने काता में रजत पदक और कुमेते में कांस्य पदक हासिल किया। बालक वर्ग 55 किलोग्राम कुमेते में पुरुषोत्तम कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

### मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए

# नप ने शुरू की दवा का छिड़काव

**लातेहार।** नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए सोमवार को दवा का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। यह अभियान 15 जुलाई तक चलाया जाएगा। बता दें कि बरसात के दिनों में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए नगर पंचायत ने सभी वार्डों में मच्छरों से बचाव के लिए मच्छर मारने वाली दवाई का छिड़काव कराने का निर्णय लिया है। इसे लेकर नगर पंचायत के द्वारा सभी वार्डों में फॉगिंग करने की तिथि की भी घोषाणा कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रशासक राजीव रंजन ने कहा कि गंदगी और जलजमाव से मच्छरों के बढ़े प्रकोप को कम करने के लिए नगर पंचायत




के द्वारा यह सघन अभियान शुरू किया है। इसके तहत नालियों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया जाएगा। साथ ही शहरी क्षेत्र के गली और मोहल्लों में फॉगिंग कराई जा रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह भी किया की दवा दिड़काव के समय लोग अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे को खुलें रखें। साथ ही पानी या अन्य कोई भी खाने वाले चीजों को ढककर रखें।

## आध्यात्मिक आयोजनों से मिलता है सुकून: राजधनी

**लातेहार।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजधनी प्रसाद यादव ने कहा कि आध्यात्मिक आयोजनों में भाग लेने से सुकून व शांति का आभास होता है। जहां कहीं भी अध्यात्मिक कार्यक्रम या आयोजन होते हैं, वहां एक सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। श्री यादव प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के धमर्पुर पंपू कल स्थित आश्रम में मम्मा की 59वीं पुण्य स्मृति के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि यह संस्था देश में एक संस्कारयुक्त माहौल तैयार कर रही है। संस्था का कार्य बहुत ही नेक और सराहनीय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र की संचालिता अमरमणि बहन ने कहा कि मम्मा का व्यक्तित्व बहुत ही प्रभावशाली था। उन्होंने ऐसी स्थिति प्राप्त कर ली थी कि उनकी मात्र एक दृष्टि से सामने वाली आत्मा का मन पवित्र और शांत हो जाता था।

## छात्रों का अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन

**कोडरमा।** अंतराष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं विद्यालय की छात्रा सोनम पांडेय ने कोडरमा ओलिंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित 200 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 13 वर्ष की प्रतियोगिता में छात्र अनीश कुमार ने स्वर्ण पदक, छात्र प्रियांशु कुमार ने रजत पदक एवं छात्र अरिहंत शंकर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं छात्र प्रियांशु कुमार ने अंडर 10 वर्ष की प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं सभी विजेता खिलाडियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों की इस शानदार सफलता पर ग्रिज़ली विद्यालय ने निदेशक द्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, अमित राय को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चंद्रवंशी विकास मंच की विस्तारित समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच की विस्तारित समीक्षात्मक बैठक रविवार को झरीटांड इंदरवा निवासी मंच के संरक्षक महेंद्र राम के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में सचिव महेश भारती ने मासिक कार्य रिपोर्ट पेश करते हुए सर्व प्रथम बैठक में समाज की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज के अंदर राजनीतिक व शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने पर जोर दिया गया। वहीं इसी माह सांसद सह केबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी से समय लेकर समाज की ओर से भव्य स्वागत सह मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा 2024 के सफल छात्र छात्राओं का केरियर काउंसलिग सह चंद्रवंशी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। वहीं मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन ने कहा कि समाज की सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए आने वाले पंचायत, नगर एवं विधानसभा चुनाव में भी अपनी ताकत के साथ एकजुटता बनाए रखने पर जोर देते हुए हर घर में जाकर हड़िया (चूल्हा) स्तर पर परिवार का सर्वे कर व्यापक सदस्यता अभियान चलाते हुए जायदा से जायदा सदस्यों को जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही समाज के युवाओं को नशा से दूर रखने हेतु कौंसिलिंग की जरूरत पर जोर दिया। मौके पर रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, ओम प्रकाश राम, महेश भारती, रवि राम, संतोष चंद्रवंशी, राजेंद्र वर्मा, दीपक सिंह, सुरेंद्र भारती, अरुण राम, उपेंद्र वर्मा, विजय राम, दिवाकर राम, अनिल राम, मनोज राम, रंजीत राम, राजकुमार राम, रवि रवानी, मुकेश राम, रवि राम, विजय कुमार, मनोज कुमार, द्वारिका राम, प्रेम कुमार, ओम प्रकाश सिंह, देवेंद्र कुमार, विकास कुमार, अविष्कार कुमार, सुरेंद्र राम, सरजू राम, विजय राम, बिरजू राम, महेश राम, नारायण राम, राजेंद्र राम समेत अन्य मौजूद थे।

### लाधुप पंचायत के दूधीमाटी में जंगली हाथियों ने तीन घरों को किया ध्वस्त, अनाज भी किया चट

# वर्षों से क्षेत्र में डेरा जमाये हुए है जंगली हाथी, विभाग खामोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखण्ड अंतर्गत जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नही ले रहा है। इनदिनों झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी क्षेत्र के माल्हन, लाधुप, बरवाटोली, चकला समेत अन्य पंचायतो के कई गांवों में लगातार जानमाल की क्षति पहुंचा रहा है। जिससे ग्रामीण भय के साये में जिनो को मजबूर हैं। ताजा मामला लाधुप पंचायत के दूधीमाटी गांव से आया है जहां रविवार की देर रात्रि जंगली हाथी अचानक आ धमका व उत्पात मचाना शूरू कर दिया। इस दौरान जंगली हाथी ने पैरवा देवी पति कमल गंझू, दिनेश गंझू पिता मल्हा



ध्वस्त घर व जानकारी देते परिजन

गंझू व सुधु गंझू पिता छवि गंझू के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया व पैरवा देवी के घर मे रखे 3 से 4 बोरा मक्का व धान, दिनेश गंझू के घर मे 6 से 7 बोरा धान वहीं सुधु गंझू के घर मे रखे अनाज, धान व मक्का को खाकर चट कर दिया साथ ही घर मे रखे सामानों को भी बर्बाद कर दिया। इधर सूचना के बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची व कागजी खानापूर्ति कर वापस लौट गई। सूचना के बाद लाधुप पंसस बुधन गंझू भी गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की हर हर संभव मदद का भरोसा दिया।

**विगत 3 वर्षो से क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है जंगली हाथियों का झुंड, विभाग निष्क्रिय :** बता दे कि चंदवा प्रखंड में विगत 3 वर्ष से अधिक समय से जंगली हाथियों का झुंड डेरा जमाए हुए हैं। अब जंगली हाथियों का झुंड दो से तीन भागों में बंद गया है, जिसके एक हाथी झुंड से अलग होकर माल्हन, लाधुप, बरवाटोली, चकला पंचायत के विभिन्न गांवों में घूम फिर कर पहुंच जा रहा है व जमकर तांडव मचा रहा है। अब तक जंगली हाथियों के झुंड ने कई लोगों की जान ले ली है साथ ही घरों एवं फसलों को भी काफी छाती पहुंचाई है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग की टीम जंगली हाथियों के उत्पात पर काबु पाने में फेल साबित हो रही है। जंगली हाथियों के आतंक के बाद विभाग की टीम गांव पहुंचती है व मुआवजे को लेकर कागजी खानापूर्ति कर गांव से निकल जाती है। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि जंगली हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर सुरक्षित वन क्षेत्र भागने में वन विभाग पूरी तरह से खेल साबित हो रही है। ग्रामीण प्रतिदिन शाम होते ही जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ते हैं दूसरी ओर वन विभाग मुआवजा प्रदान करने की खाना पूर्ति कर चले जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग तत्काल कुशल टीम बुलाकर जंगली हाथी को क्षेत्र दूर भगाए अन्यथा हमसभी विभाग के विरुद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे।

# अतिथि शिक्षकों पर पटना पुलिस ने बरसायी लाठियां

एजेंसी

**पटना।** 4 हजार से अधिक अतिथि शिक्षकों की सेवा एक झटके में सरकार ने समाप्त कर दी। इस बात की शिकायत करने के लिए वेलोग पटना पहुंचे, लेकिन पटना पुलिस ने उनपर लाठी चार्ज कर दिया। इस लाठी चार्ज में कई शिक्षक बुरी तरह से घायल हो गये, जबकि कई चोटिल भी हुए। सरकार ने कबिनेट की बैठक में नयी बहाली निकालने और लोगों को नौकरी देने की बात कही। वहीं दूसरी तरफ चार हजार से अधिक अतिथि शिक्षकों की सेवा एक झटके में सरकार ने समाप्सेत कर दी। इसी बात का विरोध करने के लिए अतिथि शिक्षक पटना पहुंचे लेकिन पटना की पुलिस ने उनपर लाठी चार्ज कर दिया। इस लाठी चार्ज में कई शिक्षक बुरी तरह से घायल हो गये जबकि कई चोटिल भी हुए। इस संबंध में शिक्षकों का कहना है कि पटना में सोमवार को सीएम हाउस के सामने अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। शिक्षक अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे थे। पुलिस ने पहले उन्हें रोका, लेकिन जब वो नहीं माने तो लाठीचार्ज कर उन्हें वहां से हटाया। इसमें कई शिक्षकों को चोट भी आई है। बिहार के 4257 अतिथि शिक्षक पिछले 6 सालों से प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ा रहे थे। लेकिन शिक्षा विभाग ने एक झटके में उनकी सेवा को समाप्त कर दिया। उनका कहना है कि इसको लेकर शिक्षा विभाग के निदेशक कन्हैया प्रसाद की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक पत्र जारी किया गया, जिसमें यह कहा गया कि अतिथि शिक्षकों की सेवा 31 मार्च से खत्म की जाती है।

गेस्ट टीचरों पटना पुलिस के द्वारा किये गये लाठी चार्ज कि घटना पर भी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए सरकार को घेरने की कोशिश की है। रोहिणी ने लिखा है कि 'अपनी मांगों के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे गेस्ट टीचरों पर डबल इंजन वाली सरकार के द्वारा लाठी चार्ज करवाना निंदनीय है... पुलिसिया लाठी की जोर से चलाए जा रहे शासन का हिसाब बिहार की जनता जल्द ही करेगी'।



### 25 जनवरी 2018 से काम कर रहे थे अतिथि शिक्षक

बता दें कि हाल में शिक्षा विभाग की ओर से एक चिट्ठी जारी की गई थी। इसमें कहा गया था कि 25 जनवरी 2018 से राज्य में उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की सेवा ली जा रही है। अभी वर्तमान में कक्षा नौवीं और दसवीं के लिए 37 हजार 847, कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए 56 हजार 891 और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कुल 94 हजार 738 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन शिक्षकों द्वारा स्कूल में सेवा दिया जा रहा है। इसलिए अब इन स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता नहीं है। इसलिए अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त की जाती है।

## खबर एक नजर में

### रोटी बैंक के संस्थापक रौशन मिश्रा एवं टीम को राष्ट्रीय एकता सम्मान से सम्मनित किया



**सहरसा।** रोटी बैंक जयनगर के वार्षिक उत्सव पर आयोजित भव्य सम्मान समारोह में रोटी बैंक सहरसा को मानव सेवा में बेहतर एवं उत्कृष्ट योगदान देने हेतू राष्ट्रीय एकता सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएसबी कमांडेंडेंट पुलिस अधीक्षक विवेक ओझा, डीएसपी विप्लव्य कुमार, थाना प्रभारी अंकुर कुमार के द्वारा रौशन मिश्रा और पंकज कुमार को स्मृति चिन्ह और चादर दे कर सम्मानित किया। इस मौके पर रोटी बैंक जयनगर के लकी कुमार और रवि ने कहा कि मेरे लिए ऐतिहासिक और गर्व का पल है की हम मानव सेवा में तत्पर रहने वाले रोटी बैंक सहरसा को मां जानकी की धरती जयनगर में सम्मान दे रहें है। उन्होंने कहा कि रौशन मिश्रा और उनकी टीम आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। सम्मान पा कर रौशन मिश्रा और पंकज ने कहा कि यह सम्मान पाकर मैं अभिभूत हु। अपने टीम के हर एक सदस्य को बधाई देते हुए रौशन मिश्रा ने कहा की मुझे अपनी टीम पर गर्व है। रौशन मिश्रा ने कहा की जयनगर की अतिथि सत्कार सदियों तक याद रखा जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले 7साल से रोटी बैंक सहरसा लगातर लोगो के लिए प्रेरणा बनी हुई है। प्रत्येक दिन निसहाय एवं दिव्यांग विकलांग लोगो के बीच भोजन वितरण करती है।

### सारण में दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के पहलेजा घाट थाना की पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की देर रात को पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कसमर बाजार पर विश्वकर्मा मंदिर के समीप कुछ अपराधी, अपराध की नीयत से इकट्ठा हुए है।इस सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कसमर गांव निवासी अपराधी सुबोध कुमार और सुबोध कुमार यादव को 01 देशी कट्टा, 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### बीएड परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**भागलपुर।** 25 जून मंगलवार को होनेवाली बीएड परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं ताकि परीक्षा कदाचार मुक्त हो सके। इसको लेकर मंगलवार को भागलपुर के समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने सभी केंद्रों के केंद्राधीक्षक एवं दंडाधिकारी के साथ एक बैठक की।

## स्पीड न्यूज

### आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चयन के लिए आमसभा


आमसभा में उपस्थित लोग।

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत केतार पंचायत के मध्य विद्यालय केतार में आंगनबाड़ी मध्य केंद्र में सहायिका चयन के लिए आमसभा का आयोजन किया गया। केतार पंचायत के वार्ड नंबर 10 में सहायिका का चयन भवनाथपुर बीडीओ सह केतार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नंदजी राम, केतार बीडीओ सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, पर्यवेक्षिका रिंकी देवी की उपस्थिति में हुआ। सहायिका पद के लिए सात अभ्यर्थियों का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सभी अभ्यर्थियों का अंक का निर्धारण किया गया। जिसमें अंजू कुमारी को 22 अंक, सूर्यमाला देवी, चिंता देवी, ललिता देवी 14 अंक, शारदा देवी 12 अंक, संध्या देवी 10 अंक प्राप्त हुए। इस प्रकार सहायिका पद के लिए अंजू देवी पति दिलीप कुमार राम को चयनित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, कुंदन प्रसाद, बिंदु राम, जोखू राम, शैला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### छापामारी के दौरान एक क्विंटल जावा महुआ जप्त


जावा महुआ नष्ट करती पुलिस।

**केतार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध महुआ शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने दासीपुर गांव में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक क्विंटल जावा महुआ और शराब बनाने की उपकरण को बरामद किया। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि शराब बनाने वालों की अब खैर नहीं है। केतार पुलिस अवैध शराब बनाने वालों पर पैनी नजर रखेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि केतार में अवैध धंधा करने वाले लोगों के विरुद्ध गस्ती दल थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी स्थानों पर निरंतर पैनी नजर रखी है। साथ ही कहा कि क्षेत्र अंतर्गत जिन्हे भी समस्या हो वे स्वयं आकर मिलें, उनकी समस्या का समाधान निश्चित रूप से किया जाएगा।

### पटना अग्निकांड : होटल मालिकों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**पटना।** बिहार में राजधानी पटना के दो होटलों में लगी भीषण आग के मामले में अभियुक्त बनाए गए दोनों होटल मालिकों की अग्रिम जमानत याचिका पटना की एक सत्र अदालत ने आज खारिज कर दी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (12) मोहम्मद रुस्तम ने पाल होटल के मालिक नीरज गांधी और अमृत होटल के मालिक जसप्रीत सिंह की ओर से दाखिल की गई अग्रिम जमानत याचिकाओं पर दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद उन्हें अग्रिम जमानत की सुविधा देने से इनकार कर दिया। दोनों अभियुक्तों की ओर से बहस करते हुए उनके वकील ने इस मामले को लापरवाही के कारण हुई मौत बताया जबकि सरकारी वकील ने बहस करते हुए इस मामले को गैर इरादतन की गई हत्या का मामला बताया था।

### गया से नक्सली गोरेलाल रवानी गिरफ्तार

**गया।** बिहार में गया जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्य गोरेलाल रवानी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने सोमवार को यहां बताया कि 14 जून को जिले के कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में पूर्व नक्सली की हत्या की गई थी। इसके बाद कोंच थाना में प्राथमिक भी दर्ज की गई थी। इस मामले में अनुसंधान के क्रम में गया पुलिस, औरंगाबाद पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पूर्व में चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। अनुसंधान के क्रम में यह पता चला कि गोरेलाल रवानी भी उक्त हत्याकांड में शामिल था, जो कुछ माह पहले ही जेल से छूटा था।

## नीट पेपर लीक मामले की जांच करने सीबीआई की स्पेशल टीम पटना पहुंची

एजेंसी




**पटना।** नीट-यूजी परीक्षा -2024 में पेपर लीक समेत दूसरी गड़बड़ियों की जांच के लिए सीबीआई ने तत्काल एक्शन शुरू कर दिया है। शनिवार की रात केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। रविवार को सीबीआई ने केस दर्ज किया और जांच के लिए दो खास टीमों का गठन किया। इनमें से एक टीम रविवार शाम पटना पहुंच गयी है। सीबीआई सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक टीम ने बिहार के ईओयू से संपर्क साधा है। ईओयू से नीट पेपर लीक से संबंधित कागजातों और अब तक हुई जांच रिपोर्ट मांगी गयी है। सीबीआई की टीम सारे कागजातों की तहकीकात के बाद अपनी कार्रवाई शुरू करेगी। इससे पहले सीबीआई की ओर से जारी जानकारी में बताया गया है कि सीबीआई ने भारत सरकार के उच्च शिक्षा निदेशक की लिखित शिकायत के आधार पर नीट परीक्षा में गडबड़ी से संबंधित एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। 5 मई 2024 को नीट (यूजी) 2024 परीक्षा एनटीए द्वारा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित करायी गई थी जिसमें 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। एफआईआर में कहा गया है कि नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के आयोजन के दौरान कुछ राज्यों में कुछ अलग-अलग घटनाएं हुईं। इसलिए, शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से गड़बड़ी की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है। सीबीआई से कहा गया है कि वह नीट परीक्षा में साजिश, धोखाधड़ी, उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा सबूतों को नष्ट करना, अनियमितताओं का पता लगाये। अगर इस मामले में एनटीए से जुड़े लोग शामिल हैं तो उनकी भूमिका का भी पता लगाया जाये। सीबीआई ने आपराधिक मामला दर्ज करने के साथ जांच शुरू कर दी है। सीबीआई ने दो विशेष टीमों का गठन किया है। सीबीआई की विशेष टीमों को बिहार के पटना और गुजरात के गोधरा भेजा गया है।

## सोनाक्षी और जहीर की शादी का पटना में विरोध

एजेंसी



**पटना।** मशहूर अभिनेता और आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी और अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और अभिनेता जहीर इकबाल की होने वाली शादी का मामला सोशल मीडिया पर कई दिनों से काफी ट्रोल कर रहा था। सोशल मीडिया पर लगातार इस बात का विरोध किया जा रहा था। अंततः दोनों ने बांद्रा स्थित एक अपार्टमेंट में शादी कर ली। लेकिन वहीं दूसरी तरफ बिहार की राजधानी में इसका विरोध शुरू हो गया है। सोशल मीडिया के ट्रोल की जगह अब पटना की सड़कों पर पोस्टर के रूप में दिखने लगे हैं, जहां इसे लव जिहाद कहा जा रहा है। पोस्टर के माध्यम से यह विरोध बिहार की हिंदू शिव भवानी सेना ने किया है। संगठन ने पटना में पोस्टर पर धमकी भरे लब्जों में लिखा है कि शत्रुध्न सिन्हा की बेटी को बिहार में घुसने नहीं देंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

गढ़वा। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रामासाहू आउटडोर स्टेडियम के मैदान में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, महासचिव आलोक मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय कुमार केषरी, कमलेश कुमार गुप्ता, पिंटू बाबू, एथलेटिक्स संघ के वर्किंग सचिव सुशील तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत, क्रिकेट के प्रशिक्षक सिकंदर आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान 100 मीटर सिंप्रट और 200 मीटर रेस का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मी ऋषि, दीपांजली कुमारी, काजल कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग में अमित कुमार, मनीष कुमार, उदित ऋषि ने क्रमषः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों तथा जिला स्तरीय विभिन्न खेल संघ के लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अपील किया। उपाध्यक्ष विजय केशरी ने खिलाड़िओ को ओलम्पिक डे की जानकारी दी। मौके पर कमलेश गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में शोक सभा का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


माल्यार्पण करते कुलाधिपति।

**गढ़वा।** प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के परम पूज्य एवं अघोरमूर्ति महान कर्म योगी सुधीर भैया का निधन मुंबई के अस्पताल में हो गया। उनके पार्थिव शरीर को अघोर परंपरा के अनुसार प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के प्रांगण में भू समाधि दी गई। सोमवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में सुधीर भैया के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा मे सभी विभागों के प्राचार्य, प्राध्यापक, पदाधिकारीगण, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर भैया जी को श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने भैया जी के जीवन वृतांत को बताते हुए कहा कि भैया जी के ब्रह्मलीन होने से मै अनाथ हो गया हूं। यह विश्वविद्यालय भैया जी के आशीर्वाद से विकसित हुआ है। हम उनके दिखाए गए मार्गदर्शन का पालन करेंगे। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एमके सिंह, कुलसचिव डॉ ललन कुमार, ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, सम्पदा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के तमाम पदाधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभाग प्राचार्य एवं शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## केतार थाना प्रभारी ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान


जानकारी देते थाना प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत मानक पदार्थ एवं नशा मुक्ति को लेकर थाना प्रभारी एवं बीडीओ ने जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं बीडीओ ने लोहिया समता हाई स्कूल एवं मध्य विद्यालय केतार के बच्चों के बीच नशा से होने वाले कुप्रभाव की जानकारी दी। साथ ही इससे होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी प्रकार का हो व्यक्ति को विनाश और निर्धनता की वृद्धि तथा मृत्यु का दरवाजा खोलता है। आज के युवा शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थो का नशा ही नहीं बल्कि कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहे हैं। एक दूसरे को नशे की कुरीतियों से दूर रहने को लेकर प्रेरित करने की जरूरत है। मौके पर डॉ छोटे शर्मा, शिक्षक जवाहर दुबे, दिलीप मेहता, अनिल राम, गौतम पाल, सोनू सिंह, विकेश कुमार, अंगद कुमार, प्रतिमा कच्छप, मध्य विद्यालय केतार के शिक्षक संतोष कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## रमना में बेखौफ चल रहा अवैध बालू का कारोबार

खबर मन्त्र संवाददाता


अवैध बालू ले जाता ट्रैक्टर।

**रमना।** प्रखंड में अवैध बालू का परिवहन और विक्रय का खेल खुलेआम हो रहा है। शासन-प्रशासन मौन बन कर बैठा हुआ है। अवैध बालू परिवहन और उंचे मूल्य पर क्षेत्र में हो रहे विक्रय का पता क्या प्रशासनिक पदाधिकारियों को नहीं है। प्रशासनिक व्यवस्था के नाक के नीचे यह अवैध कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। फिर भी खनन विभाग के अधिकारी व प्रशासनिक पदाधिकारी अनजान बने हुए हैं। अवैध बालू कारोबारी चतुराई से रात के अंधेरे में बालू का अवैध खनन और परिवहन करते हैं, जो भोर 4-5 बजे तक चलता है। ग्रामीणों में यह सरेआम चर्चा है कि बालू का अवैध कारोबार प्रशासनिक मिलीभगत से हो रहा है। प्रतिदिन अवैध बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टर एक साथ निकलती है। प्रतिबंधित घाटों से बालू भरकर वापस लौटती हैं। अवैध बालू ले जाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों की तस्वीर और वीडियो भी लगातार सामने आते रहे हैं, परंतु खनन विभाग के अधिकारियों व पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने से कतराते हैं। अवैध बालू कारोबारी एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के निदेर्शों का भी खुलेआम धज्जिया उड़ा रहे हैं। पडोसी प्रखंड़ो के नदियों और वन क्षेत्र के जल स्त्रोतो से बालू का अवैध उठाव बेखौफ हो रहा है। गत दिन रमना थाना द्वारा अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया था और इस पर कारवाई के लिए डीएमओ को पत्र लिखा गया था, इसके बावजूद अगले ही दिन कई अवैध गाड़ियां लगातार क्षेत्र में बालू लेकर आयी, इससे यह साफ पता चलता है, कि अवैध बालू कारोबारियों को प्रशासन व्यवस्था की क्या डर है ? इस कारोबार से सरकार को राजस्व का लाखों करोड़ों का नुकसान हो रहा है, वही अवैध कारोबारी मालामाल हो रहे है। अवैध कारोबार से एक ओर सरकार को राजस्व का लाखों करोड़ों नुकसान हो रहा है वही बालू कारोबारी मालामाल हो रहे है। इस सम्बन्ध में सीओ सह बीडीओ वासुदेव राय ने बताया कि अवैध बालू कारोबार के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है, इस सम्बन्ध में सूचना मिलने पर अवश्य कार्रवाई की जाएगी।

## पेज एक का शेष

### मोदी-खड़गे में...

पीएम मोदी ने अपने लहजे से स्पष्ट कर दिया है कि भले ही इस बार एनडीए की सीटें घट गयी हैं, लेकिन विपक्ष को हावी होने का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके उलट पीएम ने कांग्रेस को कोसने का मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने इंदिरा गांधी की सरकार में आपातकाल लगाए जाने का जिक्र करते हुए कहा, 'कल भारतीय लोकतंत्र पर लगे काले धब्बे के 50 साल पूरे हो रहे हैं। नयी पीढ़ी यह नहीं भूलेगी कि कैसे भारतीय संविधान को खत्म कर दिया गया। कैसे देश को जेल में तब्दील कर दिया गया और लोकतंत्र को बंदी बना लिया गया। इस 50वीं बरसी पर देश यह संकल्प लेगा कि ऐसा दोबारा कभी नहीं होगा।'

**पीएम के बयान पर खड़गे भड़के :** पीएम मोदी की टिप्पणी और कांग्रेस पर निशाना साधने पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे कहा, 'आप विपक्ष को चेतावनी दे रहे हैं। आप 50 साल पुराने आपातकाल की बात कर रहे हैं, लेकिन पिछले 10 सालों में अघोषित आपातकाल को भूल गये हैं।' उन्होंने कहा जनता ने 'मोदी जी के खिलाफ जनादेश दिया है'। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि विपक्षी गठबंधन संसद के अंदर और बाहर लोगों की आवाज उठायेगा।

### इसबार तीन गुना...

**आपातकाल काला धब्बा था :** पीएम ने कहा, जो लोग देश के संविधान के प्रति समर्पित हैं देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए निष्ठावान है, उनके लिए 25 जून ना भूलने वाली तिथि है क्योंकि 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर धब्बा लगा था, उसके 50 साल कल पूरे हो रहे हैं। भारत के लोग कभी नहीं भूलेंगे कि इस दिन लोकतंत्र को पूरी तरह से दबोच दिया गया था। आपातकाल देश के संविधान में काला धब्बा था। हम संकल्प करेंगे कि संविधान के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करना है और अब कोई दूसरी बार कभी भी देश में दूसरा आपातकाल नहीं लग सकेगा।

### एक्शन में सीबीआइ...

इनमें से कुछ कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के सदस्य भी थे। इन लोगों ने लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत के दिन संसद तक जुलूस निकालने की योजना बनायी थी। बड़ी संख्या में छात्र तख्तियां और एनएसयूआई के झंडे लेकर जंतर-मंतर पर छात्र संसद घेराव के लिए जुटे थे। मौके पर अर्धसैनिक बलों सहित दिल्ली पुलिस की भारी तैनाती की गयी थी।

### वनपट्टा आवेदन जानबूझकर ...

उन्होंने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि वन अधिकार अधिनियम को सरल और पारदर्शी बनाकर वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय के लोगों को ग्राम सभा के निर्णय अनुसार सम्मान के साथ वनपट्टा प्रदान करें। ग्राम सभा के अनुशंसा के अनुरूप वनपट्टा के आवेदन में भूमि की मांग हेक्टेयर में हो या एकड़ में हम उतनी भूमि उन्हें प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध करायें। वनपट्टा वितरण में जो कमी है, उसे इस अभियान के तहत पूरा करें। सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से उन्हें मजबूत करना हमसभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

**विकास में कोई भेदभाव न हो :** उन्होंने कहा कि हम सभी लोग मिलकर झारखंड में एक ऐसी व्यवस्था बनायें, जहां ग्रामीण और शहरी लोगों के विकास में कोई भेदभाव नहीं हो, सबका एक समान विकास हो। देश में झारखंड विकास के मॉडल का एक बेहतर उदाहरण पेश कर सके। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम लागू हुए 18 साल हो चुके हैं फिर भी हमसभी लोग वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को वन भूमि का अधिकार उन्हें अभी तक देने में काफी पीछे हैं। हजारों आवेदन रद्द कर दिये गये, आवेदन क्यों रद्द हुए इसका जवाब जनता को देना पड़ेगा। जो अधिकारी वनपट्टा के आवेदनों को जानबूझकर रद्द करने का प्रयास करेंगे उन पर राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि वन भूमि पर जिनका जितना अधिकार है उन्हें सम्मान पूर्वक उपलब्ध करायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान को हल्के में नही लेना है। यह एक महत्वपूर्ण और प्रभावी अभियान है। इस अभियान के तहत वन पप्ता दावों के निपटारे के लिए जो रोडमैप राज्य सरकार ने तैयार किया है उसे हर हाल में धरातल पर उतरना पड़ेगा। इस अवसर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि इस कार्यशाला में एक गंभीर विषय पर हम सभी लोग चिंतन कर रहे हैं। समारोह में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव, प्रधान सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वंदना दादेल, विभागीय सचिव कृपानंद झा, सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय उपाध्याय, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा के अलावा कई जिलों के डीसी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### सुकमा में अधिक व कांकेर में सबसे कम वर्षा दर्ज

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सुकमा जिले में अब तक सबसे अधिक 89.5 एमएम बारिश दर्ज की गई है। यहां भारी बारिश से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के कई जिलों में बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, सुकमा में 89.5 एमएम, बीजापुर में 52.2 एमएम, दंतेवाड़ा में 42.7 एमएम, बस्तर में 28.8 एमएम, कोंडागांव में 21.8 एमएम और कांकेर में 21.5 एमएम बारिश दर्ज की गई है। वहीं दंतेवाड़ा में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री दर्ज किया गया है। जबकि नारायणपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री दर्ज किया गया है।बीजापुर में 24.6 डिग्री और दंतेवाड़ा में 25.1 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। बस्तर में बारिश होने से मौसम सुहावना हुआ है, वहीं गर्मी से लोगों को राहत मिली है।

### फेसबुक पर प्रधानमंत्री की एडिटेड वीडियो क्लिप प्रसारित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** सोशल मीडिया प्लेट्फार्म फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एडिटेड वीडियो क्लिप को प्रसारित कर जनमानस की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, सामप्रदायिकता एवं अराजकता फैलाने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर लालगंज पुलिस ने सोमवार को लालगंज कस्बे से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लालगंज को सम्बन्धित आरोपित की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। सोमवार को उप-निरीक्षक बजरंगबली चौबे ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए वांछित आरोपित मेराज अहमद पुत्र मदार अहमद निवासी कस्बा लालगंज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा।

### भीषण गर्मी से 1301 हज यात्रियों को गंवानी पड़ी जान

**रियाद (सऊदी अरब)।** सऊदी अरब में इस साल अत्यधिक गर्मी के कारण काफी संख्या में हज यात्रियों को जान गंवानी पड़ी है। रविवार को सऊदी अरब की तरफ से इस संबंध में जानकारी दी गई कि हज यात्रा के दौरान इस साल कम से कम 1301 लोगों की मौत हुई है। इनमें भीषण गर्मी के चलते काफी संख्या में लोगों की जान गई। बीते सोमवार मक्का में तापमान 51.66 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मरने वालों में 98 भारतीय यात्रियों की भी मौत हुई है। सबसे ज्यादा मिस्र के लोगों की मौत हुई। सऊदी अरब सरकार की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, इस साल भीषण गर्मी ने स्वास्थ्य प्रणाली को प्रभावित किया। अफसोस की बात ये है कि इस दौरान 1,301 लोगों की मौत हो गई। सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्री फहद बिन अब्दुर्रहमान अल-जलाजेल के मुताबिक मरने वालों में 83 प्रतिशत लोग हज करने के लिए अनधिकृत थे और पर्याप्त आश्रय या आराम के बिना, सीधी धूप में लंबी दूरी तय कर रहे थे। मृतकों में बुजुर्ग और लंबे समय से बीमार लोग भी शामिल हैं। पहचान की प्रक्रिया में देरी हुई क्योंकि मरने वालों के पास अधिकृत दस्तावेज नहीं थे लेकिन अब सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है।

# शपथ ग्रहण के साथ ही 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू

## सदन के नेता मोदी, उपनेता राजनाथ समेत सभी को प्रोटेम स्पीकर मेहताब ने दिलायी सदस्या

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में सदन के नेता पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां नये संसद सदन में 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। अस्थायी अध्यक्ष भर्तृहरि मेहताब ने श्री मोदी को सबसे पहले शपथ ग्रहण करायी। उपनेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि, किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शहरी विकास, आवासन एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर आदि नेताओं ने भी सदन की सदस्यता ग्रहण की। पीठासीन अधिकारियों के पैनल के सदस्य के रूप में भाजपा के राधामोहन सिंह ने शपथ ग्रहण की। पीएम के बाद कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश का नाम पुकारा गया लेकिन वह सदन में मौजूद नहीं थे। इसके बाद टीआर बालू का नाम प्रोटेम स्पीकर ने पुकारा लेकिन वह भी सदन में मौजूद नहीं थे। फिर राधा मोहन सिंह को संसद सदस्य के रूप में शपथ दिलायी गयी। ठीक 11 बजे सदन के समवेत होने पर श्री मेहताब ने आसन ग्रहण किया और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान की धुन बजायी गयी। 18वीं लोकसभा के सभी सदस्यों को उनके निर्वाचन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त नवनिर्वाचित सांसदों की सूची हिन्दी एवं अंग्रेजी में सदन के पटल पर रखी। अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र दे दिया है और उसे स्वीकार कर लिया गया है। शपथ विधि के अनुसार सबसे पहले पीएम, फिर पीठासीन अधिकारियों के पैनल के सदस्य, फिर केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री, फिर स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और फिर राज्य मंत्री शपथ लेंगे। इसके बाद राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के क्रम में वणार्नुक्रम से सांसदों को शपथ दिलायी गयी।

जैसे ही लोकसभा महासचिव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का नाम शपथ के लिए पुकारा, सत्ता पक्ष में हर्ष की लहर दौड़ गयी। श्री मोदी ने अध्यक्षीय आसन के दाहिनी ओर बने मंच पर आ कर शपथ ग्रहण की और फिर सदस्यता के रजिस्टर पर हस्ताक्षर किये। केरल के अलाप्पुझा लोकसभा सीट से चुने गए कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। कर्नाटक के बेंगलुरू दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और चिराग पासवान ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और हम (एस) सांसद जीतन राम मांझी और केंद्रीय मंत्री और जेडी(यू) सांसद राजीव रंजन (ललन) सिंह ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।



### मोदी ने सभी सांसदों का किया स्वागत

18वीं लोकसभा के पहला सत्र से पूर्व पीएम मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए यह संसदीय लोकतंत्र में यह एक गौरवशाली दिन है। आजादी के बाद पहली बार शपथ ग्रहण समारोह हमारे अपने नए संसद भवन में हो रहा है। पहले यह पुराने संसद भवन में होता था. इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों का हार्दिक स्वागत करता हूं, उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं 8वीं लोकसभा के पहले सत्र दौरान संसद परिसर में।



नई दिल्ली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान।

### प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति कोई मुद्दा नही

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैंने सभी नेताओं से मुलाकात की। अभी-अभी मैंने डीएमके संसदीय दल के नेता टीआर बालू से मुलाकात की। सभी इस बात पर सहमत हैं कि भारतीय संसद के इतिहास में प्रोटेम स्पीकर कभी कोई मुद्दा नहीं रहा और प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति मूल रूप से नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने और नए अध्यक्ष के चुनाव में मदद करने के लिए होती है।

## बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में ली शपथ, मां सुषमा की दिलाई याद

नयी दिल्ली। दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज की शपथ काफी चर्चा में है। उन्होंने अपनी मां की तरह संस्कृत भाषा में शपथ ली। इससे पहले सुषमा स्वराज जब साल 2014 में विदिशा लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुईं थी तब उन्होंने भी बतौर संसद सदस्य संस्कृत में शपथ ली थी। सोशल मीडिया पर बांसुरी स्वराज के शपथ ग्रहण का वीडियो वायरल हो रहा है। बांसुरी के वीडियो उनकी मां सुषमा स्वराज के पुराने वीडियो के साथ शेयर किया जा रहा है। बांसुरी स्वराज पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची हैं। उन्होंने अपने पहले लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। उन्होंने आम आदमी पार्टी के सोमनाथ भारती को 78,370 मतों के अंतर से हराया। बांसुरी स्वराज ने एक्स (ट्विटर) पर शपथ ग्रहण का वीडियो शेयर करते हुए कहा , 18वीं लोकसभा के संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने का गौरव प्राप्त हुआ। पीएम मोदी के प्रतिभाशाली नेतृत्व में हम सब विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## जीएसटी लागू होने के सात साल पूरे, पीएम मोदी बोले

# 140 करोड़ भारतीयों का जीवन सुधारा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की सात साल की यात्रा की सराहना की। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट किया कि जीएसटी ने 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाया है। हमारे लिए सुधार 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने का एक साधन है। जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू उपयोग की वस्तुएं काफी सस्ती हो गयी है। देश में जीएसटी को लागू हुए सात साल होने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जीएसटी लागू होने के बाद गरीबों और आम आदमी की बचत में वृद्धि हुई है, क्योंकि जीएसटी ने आटा, दही, डिटर्जेंट आदि जैसे विभिन्न घरेलू सामानों पर करों को कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'इससे गरीबों और आम आदमी के लिए महत्वपूर्ण बचत हुई है। हम लोगों के जीवन को बदलने के लिए सुधारों की इस यात्रा को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई को अपने सात साल पूरे कर लेगा, इसे 2017 में लागू किया गया था।इसके लागू होने के बाद आम आदमी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कई उत्पादों और सेवाओं पर टैक्स कम हो गया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अनुसार, जीएसटी के बाद कई रोजमर्रा की घरेलू वस्तुएं सस्ती हो गई हैं। इसमें आटा, टेलीविजन, डिटर्जेंट, हेयर ऑयल, साबुन आदि जैसी वस्तुएं शामिल हैं। जीएसटी ने कई केंद्रीय और राज्य करों को एक कर में समाहित कर दिया है। इसने बड़े पैमाने पर कैस्केडिंग या दोहरे कराधान के दुष्प्रभावों को कम किया है और एक आम राष्ट्रीय बाजार के लिए रास्ता तैयार किया है। उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण से, सबसे बड़ा लाभ वस्तुओं पर समग्र कर बोझ में कमी के संदर्भ में है। जीएसटी के लागू होने से उत्पादन की मूल्य श्रृंखला में इनपुट करों के पूर्णतः समाप्त हो जाने के कारण भारतीय उत्पाद घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। 22 जून को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की अगली बैठक अगस्त के मध्य से अंत तक संभावित रूप से निर्धारित है। जीएसटी परिषद ने भारतीय रेलवे द्वारा आम जनता को दी जाने वाली विशिष्ट सेवाओं के साथ-साथ अंतर-रेलवे लेनदेन के लिए छूट का प्रस्ताव रखा। जीएसटी परिषद ने वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस पर ब्याज दंड माफ करने की सिफारिश की।



## नीता अंबानी ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी, बेटे के विवाह का निमंत्रण दिया

### बोली-अनंत और राधिका की शादी का निमंत्रण लेकर आई हूं

**वाराणसी (हि.स.)।** रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी ने सोमवार शाम काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। दरबार में पहुंची नीता अंबानी ने मंदिर के गर्भगृह में पहुंच कर बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का विधि विधान से दर्शन पूजन वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच किया। दर्शन पूजन के बाद उन्होंने अपने छोटे बेटे अनंत अंबानी और बहू राधिका की शादी का निमंत्रण बाबा को समर्पित किया। नीता अंबानी ने बाबा से बेटे के सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए मंगलकामना की।

इसके पहले मुम्बई से वाराणसी एयरपोर्ट पर आई नीता अंबानी ने पत्रकारों से भी बातचीत किया। बेहद खुश दिखी नीता अंबानी ने बताया कि आज मैं अनंत और राधिका की शादी का निमंत्रण लेकर आई हूं, ताकि इसे बाबा विश्वनाथ को समर्पित कर सकूं। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ का दर्शन- पूजन करने के बाद गंगा आरती करने जा रही हूं। इसे लेकर काफी उत्साहित हूं। एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच नीता अंबानी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। नीता अंबानी के दर्शन पूजन को लेकर मंदिर में भी विशेष व्यवस्था दिखी। गौरतलब हो कि इसके पहले भी नीता अंबानी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आ चुकी हैं।



## चीन पर निर्भरता खत्म, अब भारतभूमि से होंगे पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन

**देहरादून (हि.स.)।** तिब्बत स्थित पवित्र कैलाश पर्वत को भगवान शिव का घर कहा जाता है। अब तक इसके दर्शन के लिए भारतवासियों को चीन के रास्ते तिब्बत जाना पड़ता था। इसके लिए चीन का वीजा लेने की आवश्यकता होती है, लेकिन देवादिदेव महादेव के दर्शन के लिए अब चीन जाने की आवश्यता नहीं है। भारत से ही कैलाश पर्वत के दर्शन कर सकेंगे। दरअसल, लिपुलेख से कैलाश पर्वत के दर्शन बहुत आसानी से होते हैं। इस खोज के बाद अब चीन पर निर्भरता खत्म हो गई है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने जनपद पिथौरागढ़ स्थित ओल्ड लिपुलेख पास की 18000 फीट की ऊंचाई पर पहुंच कैलाश के दर्शन कर उत्तराखंड आने वाले शिवभक्तों को संदेश दिया है कि देवाधिदेव महादेव के निवास कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए अब उन्हें चीन जाने की आवश्यकता नहीं है। अब वह भारत भूमि उत्तराखंड में आकर भी कैलाश के भव्य-दिव्य दर्शन कर सकेंगे। मंत्री सतपाल महाराज जनपद पिथौरागढ़ भ्रमण के दौरान धारचूला, गुंजी नाभीढांग (ओम पर्वत) होते हुए सोमवार को जोलिंगकोंग पहुंचे। फिर वहां से ओल्ड लिपुलेख पास की चोटी पर पहुंच देवाधिदेव महादेव भगवान शिव के निवास कैलाश के दर्शन कर पूजा अर्चना की। वह प्रदेश के पहले ऐसे मंत्री हैं जिन्होंने जनपद पिथौरागढ़ स्थित ओल्ड लिपुलेख पास की 18000 फीट की ऊंचाई पर पहुंच कैलाश के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत भी थीं। महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 अक्टूबर 2023 की सुबह जब से आदिकैलाश के दर्शन किए तब से बड़ी संख्या में शिवभक्त जोलिंगकोंग पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी यही से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कर योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि 2019 से कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद होने के कारण शिवभक्त कैलाश पर्वत के दर्शन नहीं कर पा रहे थे, इसलिए सरकार ने तय किया कि वह ओल्ड लिपुलेख पास से उन्हें कैलाश के दर्शन करवाएगी। ओल्ड लिपुलेख पास की पहाड़ी के ऊपर से पवित्र कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन के दौरान महाराज के साथ भारतीय सेना, आईटीबीपी और पुलिस के कई जवान भी थे।



Er. Partha Pal
B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: 98351 29422
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# श्रीनगर को 'वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी' की मिली मान्यता

### विश्व के टॉप शहरों में नाम दर्ज

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर को विश्व शिल्प परिषद द्वारा आधिकारिक तौर पर 'विश्व शिल्प शहर' (वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी) के रूप में मान्यता दी गई है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने रविवार शाम को यहां बताया कि, मान्यता से हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास को लाभ होगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान शहर की समृद्ध विरासत और इसके कारीगरों के असाधारण कौशल को रेखांकित करता है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि, यह मान्यता कारीगरों की कड़ी मेहनत और असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। यह श्रीनगर की सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करता है। उन्होंने कहा, 'हम अपने कारीगरों का समर्थन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि यह सम्मान समुदाय के लिए ठोस लाभ में तब्दील हो। सिन्हा ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र के लिए दृढ़ समर्थन दिखाया है। 'विश्व शिल्प शहर' के रूप में मान्यता से हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा, जिससे विकास, स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। प्रवक्ता ने कहा कि, वैश्विक मान्यता बढ़ने से श्रीनगर के शिल्प को अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतर पहचान मिलेगी, जिससे कारीगरों के लिए नए बाजार और अवसर खुलेंगे। इस क्षेत्र में अधिक निवेश और वित्त पोषण की संभावना है। इससे बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता मिलेगी और पारंपरिक तरीकों को संरक्षित करते हुए आधुनिक तकनीकों को पेश किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि, कारीगरों को उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं तक पहुंच मिलेगी, जिससे उनके कौशल को और निखारा जा सकेगा और उनके शिल्प में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। श्रीनगर के अनूठे शिल्प की मांग में वृद्धि से उत्पादन में वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे रोजगार सृजन होगा और कारीगरों और उनके परिवारों के लिए आजीविका में सुधार होगा। इस मान्यता से श्रीनगर में पर्यटन को भी काफी लाभ होने वाला है। उन्होंने कहा कि, शहर में सांस्कृतिक और शिल्प विरासत में रुचि रखने वाले अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने की उम्मीद है, जिससे उन्हें जीवंत कारीगर समुदायों के गहन अनुभव मिलेंगे। शहर की सांस्कृतिक और शिल्प विरासत प्रामाणिक अनुभव चाहने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेगी। इसमें कारीगरों की कार्यशालाओं और श्रीनगर के जीवंत शिल्प को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौरा शामिल है।

